35 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-35 अंक-335 | रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com


## फर्स्ट कालम

### लखनऊ हाईकोर्ट ने कहा- राहुल ब्रिटिश हैं या नहीं, केंद्र से 10 दिन में मांगा जवाब

**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं या नहीं, इस पर 10 दिन में जवाब दें। भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने इसे अपर्याप्त माना और सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है और इसमें देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

### देश के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश है नेशनल हेराल्ड मामला : शैलजा

**भोपाल।** कांग्रेस महासचिव एवं सांसद कुमारी शैलजा ने नेशनल हेराल्ड मामले में आज अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का बचाव करते हुए कहा कि वास्तव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश के समक्ष मौजूद ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है और इसलिए नेशनल हेराल्ड मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। सुश्री कुमारी शैलजा ने यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए और देशवासियों को गुमराह करने के लिए केंद्र में सत्तारूढ़ दल भाजपा साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में बेबुनियाद आरोप लगा रही है। भाजपा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का विपक्ष के खिलाफ ÷राजनैतिक हथियार÷ के रूप में उपयोग कर रही है और इसलिए हमारे नेता श्रीमती सोनिया गांधी और श्री राहुल गांधी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है।

### भाजपा के इकबाल सिंह होंगे दिल्ली के नए मेयर

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब आम आदमी पार्टी ने म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। चुनाव 25 अप्रैल को होगा। पार्टी के प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा ने पहले भी एमसीडी का चुनाव रुकवा दिया था। परिसीमन के दौरान वार्डों को इधर-उधर किया गया। परिसीमन के दौरान जबरदस्त गड़बड़ी और भ्रष्टाचार किया गया। इसके बावजूद चुनाव हारी और क्क की सरकार बनी।

### मुर्शिदाबाद हिंसा में एसआईटी ने 12 लोगों को हिरासत में लिया

**झारसुगुड़ा।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा मामले में सोमवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले से करीब 12 लोगों को हिरासत में लिया गया। ओडिशा के एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही एसआईटी ने उन्हें पकड़ा है। पकड़े गए लोगों में पिता-बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक जियाउल शेख के दो बेटे भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हिरासत में लेने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए बनहरपाली पुलिस थाने ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि वे लोग बनहरपाल थाना क्षेत्र के बुंडूबहाल में मजदूरी करते थे।

### बंगाल के राज्यपाल बोस सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में एडमिट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को सीने में दर्द की शिकायत के बाद सोमवार को यहां पूर्वी कमान अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्हें सुबह करीब 10 बजे वहां ले जाया गया। डॉक्टर फिलहाल उनकी स्थिति पर नजर रख रहे हैं और जरूरी जांच के बाद इलाज के अगले चरण पर फैसला लेंगे। पश्चिम मेदिनीपुर के सालबोनी में जेएसडब्ल्यू के 1,600 मेगावाट के बिजली संयंत्र के शिलान्यास समारोह में भाग लेने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अस्पताल में बोस से मुलाकात की।

# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस नहीं रहे, दुनियाभर में शोक की लहर

### 88 साल की उम्र में वेटिकन में निधन, फेफड़ों और किडनी में गंभीर संक्रमण था

**वेटिकन सिटी (ए)।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सोमवार को सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप के निधन की खबर मिलते ही दुनियाभर में शोक की लहर फैल गई। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। वेटिकन सिटी में 9 दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। सुबह पौने दस बजे अपोस्टोलिक चैंबर के कैमरलेंगो, कार्डिनल केविन फैरेल ने कासा सांता मार्टा से पोप फ्रांसिस की मृत्यु की घोषणा की। अपने वह मूलतः अर्जेंटीना के रहने वाले थे। पोप की पदवी हासिल करने के पहले उनका नाम जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो था।

कार्डिनल ने कहा कि प्रिय भाइयों और बहनों, मुझे गहरे दुख के साथ हमारे पवित्र पिता फ्रांसिस के निधन की घोषणा करनी पड़ रही है। आज सुबह 7:35 बजे, रोम के बिशप, फ्रांसिस, परमपिता के घर लौट गए। उनका पूरा जीवन प्रभु और उनके चर्च की सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने हमें निष्ठा, साहस और सार्वभौमिक प्रेम के साथ सुसमाचार के




मूल्यों को, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे हाशिए के लोगों के हित में जीना सिखाया। प्रभु यीशु के एक सच्चे शिष्य के रूप में उन्होंने जो उदाहरण पेश किया, उसके लिए अत्यधिक आभार के साथ, हम उनकी सराहना करते हैं। पोप फ्रांसिस की आत्मा एक और त्रिएक ईश्वर के असीम दयालु प्रेम के प्रति समर्पित है। पिछले कई महीनों से वे स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे 5 हफ्ते तक फेफड़ों में इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे।

### पोप के निधन पर मोदी ने शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईसाई समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरू पोप फ्रांसिस के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है और गरीबों एवं वंचितों की उनकी सेवा को अनुकरणीय बताते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की। श्री मोदी ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, ÷परमपावन पोप फ्रांसिस के निधन से गहरा दुख हुआ। दुःख और स्मरण की इस घड़ी में, वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आपराधिक कानूनों पर समीक्षा बैठक हुई

# नए आपराधिक कानून जल्द लागू कर आदर्श राज्य बने छत्तीसगढ़ : शाह



- नए कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री साय
- बैठक में बस्तर के विकास और नक्सल उन्मूलन पर भी हुई चर्चा

**नई दिल्ली/रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री, केन्द्रीय गृह सचिव, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़, महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिदेशक, छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक, राष्ट्रीय प्राधिकरण ब्यूरो के निदेशक सहित गृह मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार



के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ से नए आपराधिक कानूनों को जल्द लागू कर इस मामले में आदर्श राज्य बने। तीन नए आपराधिक कानूनों के छत्तीसगढ़ में पूर्ण क्रियान्वयन के लिए प्राथमिकता के साथ एजेंडा बनाकर इस दिशा में काम करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों का लक्ष्य भारतीय न्यायिक प्रक्रिया को बेहतर बनाना है और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य को इसकी और ज़्यादा ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ तीन नए आपराधिक कानूनों के संपूर्ण क्रियान्वयन को एक चुनौती के रूप में लेकर इन्हे जल्द लागू कर एक आदर्श राज्य बने।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को 60 और 90 दिनों के भीतर आरोपपत्र दाखिल करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में साक्ष्य की रिकॉर्डिंग से लेकर पूरे ट्रायल तक की प्रक्रिया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव है जिससे जनशक्ति की काफी बचत होगी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हर पुलिस थाने और पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों को गंभीरअपराध के मामलों में नेटग्रिड के उपयोग की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सप्ताह में एक बार, राज्य के गृह मंत्री हर 15 दिन और मुख्यमंत्री महीने में एक बार राज्य में नए आपराधिक कानूनों के अमल की प्रगति की समीक्षा करें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक व तकनीकी तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं। राज्य में 27 प्रकार की एसओपी और दिशा-निर्देश तैयार कर लागू किए गए हैं। इसके साथ ही लगभग 37,385 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। न्यायालयों, पुलिस थानों और जेलों को ई-साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम से लैस किया गया है। (शेष पेज-4 पर)

# चुनाव में गड़बड़ी साफ दिख रही, महाराष्ट्र में जितने बालिग नहीं हैं, उससे ज्यादा वोटिंग हुई : राहुल

### राहुल ने अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया

**बोस्टन (ए)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका के बॉस्टन में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने रविवार शाम भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह साफ है कि भारतीय चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। इस सिस्टम में कुछ गड़बड़ी है।



राहुल ने कहा मैं कई बार कह चुका हूं कि महाराष्ट्र में जितने बालिग नहीं हैं, उससे ज्यादा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने हमें साढ़े पांच बजे वोटिंग का आंकड़ा बताया। इसके बाद 5.30 से शाम 7.30 के बीच 65 लाख वोटिंग हुई। उन्होंने कहा कि 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग नामुमकिन है। एक वोटर को वोट डालने में करीब 3 मिनट लगते हैं। अगर आप गणित लगाएंगे तो पता चलेगा कि रात 2 बजे तक वोटर्स की लाइन लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमने चुनाव की वीडियोग्राफी मांगी तो आयोग ने साफ मना कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने कानून भी बदल दिया, ताकि हम आगे वीडियो के बारे में सवाल न कर सकें। बता दें कि राहुल 2 दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। राहुल गांधी शनिवार देर रात को अमेरिका के बॉस्टन एयरपोर्ट पर उतरे थे। वे यहां रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी।

राहुल ने आरोप लगाया था कि लोकसभा चुनाव के लिए पांच साल में महाराष्ट्र में 32 लाख वोटर्स जोड़े गए, जबकि इसके पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव के लिए 39 लाख वोटर्स को जोड़ा गया। उन्होंने चुनाव आयोग से पूछा कि पांच महीने में पांच साल से ज्यादा वोटर्स कैसे जोड़े गए।

### राहुल ने तेलंगाना व हिमाचल के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अब सामाजिक भेदभाव को मिटाने को लेकर पार्टी के नेतृत्व वाली हिमाचल तथा तेलंगाना सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि जातीय भेदभाव समाप्त किए बिना तरक्की सम्भव नहीं है इसलिए विमुला एक्ट लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में सभी वर्गों के लिए अवसर होने चाहिए और किसी के साथ भेदभाव नहीं हो इसलिए हिमाचल तथा तेलंगाना सरकार को अपने यहां भेदभाव मिटाने वाले वेमुला एक्ट को लागू करना चाहिए। श्री गांधी ने पहले कर्नाटक सरकार को भी इसी तरह का पत्र लिखा था। उन्होंने कहा कि जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया जी को पत्र लिखने के बाद मैंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी जी को पत्र लिखकर 'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने का आग्रह किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# ईडी भाजपा के इलेक्शन विंग की तरह काम कर रही है : भूपेश बघेल

### पूर्व सीएम बघेल ने भुवनेश्वर में नेशनल हेराल्ड केस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की

**भुवनेश्वर (ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में नेशनल हेराल्ड केस में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि ईडी भाजपा के इलेक्शन विंग की तरह काम कर रही है। ईडी ने 2015 में केस बंद कर दिया था। बाद में एक नई एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद सोनिया गांधी और राहुल गांधी से लंबी पूछताछ हुई।



दरअसल, सोनिया और राहुल गांधी पर ईडी के चार्जशीट दायर करने के विरोध में कांग्रेस 27 अप्रैल तक देशभर के 57 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। इस सिलसिले में बघेल ने यह प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। श्री बघेल ने कहा कि हमें मीडिया के जरिए चार्जशीट के बारे में पता चला। ईडी ने किसी को कोई नोटिस भी नहीं दिया। उनमें से किसी को या कंपनी के किसी निदेशक को कोई नोटिस नहीं दिया गया। नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक की कांग्रेस सरकारों ने देश के लिए कई संस्थान बनाए लेकिन अब भाजपा इन्हें एक ही व्यक्ति को बेच रही है। इसके अलावा कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने जयपुर, पवन खेड़ा ने मुंबई और पार्टी महासचिव दीपा दासमुंशी ने तिरुवनंतपुरम में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। ईडी ने 15 अप्रैल को नेशनल हेराल्ड केस में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। ईडी का आरोप है कि कांग्रेस नेताओं ने साजिश के तहत एसोसिएटेड जर्नल्स लि (एजेएल) की 2000 करोड़ की संपत्तियों पर कब्जे के लिए उसका अधिग्रहण निजी कंपनी (शेष पेज-4 पर)

### झारखंड में 8 नक्सलियों का एनकाउंटर, बोकारो में 1 करोड़ का इनामी भी ढेर

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। एनकाउंटर जिले के लुगू और झुमरा पहाड़ के बीच जंगली इलाके में हुई। झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता के मुताबिक, मुठभेड़ में एक करोड़ रुपए का इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक भी मारा गया। अब तक कुल 8 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। बाकी नक्सलियों की पहचान में जुटे हुए हैं। अभी और नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी है। सर्च ऑपरेशन जारी है। घटनास्थल से एक रिवॉल्वर, 1 एसएलआर, 4 इंसास राइफल कई हथियार भी बरामद किए गए हैं।

# अवमानना याचिका के लिए हमारी जरूरत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- याचिका दायर करने के लिए कोर्ट की मंजूरी की जरूरत नहीं है। लेकिन इसके लिए अटॉर्नी जनरल से इजाजत लेनी होगी।

याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि निशिकांत ने सीजेआई और न्यायपालिका का अपमान किया है। क्या वह निशिकांत के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर कर सकता है। इसके बाद एडवोकेट अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर दुबे के खिलाफ अवमानना की इजाजत मांगी। दरअसल, भाजपा सांसद दुबे ने 19 अप्रैल को कहा था कि अगर



सुप्रीम कोर्ट को ही कानून बनाने हैं तो संसद और विधानसभा को बंद कर देना चाहिए। उन्होंने सीजेआई पर भी विवादित टिप्पणी की थी। देश में गृह युद्ध के लिए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, जानबूझकर सुप्रीम कोर्ट को निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड जैसे कई मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार ने जो किया है वह असंवैधानिक है।

### सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उच्च न्यायालयों के सात न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के सात न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर जारी एक बयान में ये जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति हेमन्त चंदनगौदर को मद्रास उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है।

## लोक सेवा दिवस

### मोदी सत्रहवें लोक सेवा दिवस पर देश भर से एकत्रित प्रशासनिक अधिकारियों को किया संबोधित

# प्रशासनिक सेवाओं में सुधार जरूरी, अधिकारियों के काम पर है, सबकी निगाह : मोदी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रशासनिक सेवाओं में सुधार की जरूरत पर बल देते हुए सोमवार को कहा कि देश की बढ़ती आकांक्षाओं और ऊंचे लक्ष्यों को पूरा करने में प्रशासनिक अधिकारियों की बड़ी भूमिका और बहुत बड़ा दायित्व है तथा हर किसी की निगाह अधिकारियों पर है।



श्री मोदी यहां सत्रहवें लोक सेवा दिवस पर देश भर से एकत्रित प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा की सुनिश्चित से जुड़े लक्ष्य, स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े लक्ष्य, खेल-कूद के मैदान से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र- हर सेक्टर में देश का परचम और नई ऊंचाइयों पर लहराना है। जब मैं बात करता हूं तब और देश जब सोचता है तब, हर किसी की नजर आप पर है, भरोसा आप सभी पर है, बहुत बड़ा दायित्व आप सब मेरे साथियों पर है। श्री मोदी ने कहा कि आपको जल्द से जल्द भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी भी बनाना है। इस काम में विलंब न हो, ये आप सभी को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह वक्त, लोक सेवकों के सुधार को नए तरीके से अभिकल्पित करने करने का है। हमें सुधारों की गति और पैमाना दोनों बढ़ाना है। केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सहयोगी डॉ जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधान सचिव शक्तिकांत दास, कैबिनेट सचिव डॉ टीवी स्वामिनाथन और केंद्र सरकार के कुछ अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर हो, रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य हों, इंटरनल सेक्योरिटी हो, करप्शन ख़त्म करने का हमारा लक्ष्य हो, सामाजिक कल्याण की योजनाएं हों, ओलंपिक से जुड़े, खेल-कूद से जुड़े लक्ष्य हों, हर सेक्टर में हमें नए सुधार करने हैं।

### हमारी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे आगामी 1,000 वर्ष का भविष्य तय करेंगी : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे आगामी 1,000 वर्ष का भविष्य तय करेंगी। मोदी ने यहां सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के समग्र विकास का तात्पर्य है कि कोई भी गांव, कोई भी परिवार और कोई भी नागरिक पीछे न छूटे। उन्होंने कहा, ''आज हम जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और जो निर्णय ले रहे हैं, वे आगामी 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगे।'' मोदी ने कहा कि भारत का आकांक्षी समाज - युवा, किसान और महिलाएं - और इसके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं।

# पीएम मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से की मुलाकात

### उनके तीनों बच्चों को अपने आवास का गार्डन दिखाया मोरपंख भेंट किए

**नई दिल्ली (ए)।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और पीएम मोदी की मुलाकात हुई। वेंस करीब 6.30 बजे पीएम से मिलने उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पहुंचे। पीएम ने उन्हें रिसीव किया।

इसके बाद वे वेंस, उनकी पत्नी उषा और तीनों बच्चों- इवान, विवेक और मिराबेल को लेकर आवास के अंदर गए। इससे पहले उन्होंने बच्चों को अपने घर का गार्डन दिखाया।



पीएम ने बच्चों को मोरपंख भेंट किए। पीएम मोदी वेंस और उनके परिवार के लिए डिनर होस्ट किया। इस दौरान वेंस विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से भी मुलाकात की।

## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-11 शतरंज स्पर्धा के विजेता बनने पर प्रांजल सिंह को जिला शतरंज दुर्ग ने दी बधाई



**दुर्ग ।** जगदलपुर स्पोर्ट्स क्रॉनिकल,जिला शतरंज संघ बस्तर के सहयोग से चेस कॉम द्वारा जगदलपुर में 19 एवं 20 अप्रैल को आयोजित अंडर 11 अंडर 15 एवं ओपन वर्ग की शतरंज स्पर्धा में अंडर 11 आयु वर्ग में भिलाई के प्रांजल सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रांजल सिंह को तीन हजार रुपए नगद , ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रांजल सिंह के पी एस स्कूल नेहरू नगर के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता पंकज सिंह तथा जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, दिनेश नालोडे, मोरध्वज चंद्राकर, अजय राय सहसचिव संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी के अलावा जयंता दास,जवाहर सिंह,सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा , त्रिलोक सोनी, गुलाब चौहान,अजय साहू ने खुशी जताते हुए प्रांजल सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### आवास प्लस 2.0 सर्वे में पूर्व विधायक कोमल जंघेल बाजगुड़ा पहुंचे



**खैरागढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से आज खैरागढ़ पूर्व विधायक कोमल जंघेल प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्लस 2.0सर्वेक्षण पखवाड़ा अंतर्गत खैरागढ़ ब्लाक के ग्राम बाजगुडा ग्राम पंचायत के सरपंच,रोजगार सहायक,पंच व ग्रामवासियो सहित सर्वेक्षण टीम के साथ पात्र हितग्राहियो के घर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्का मकान हेतु हितग्राहियो से भेंट कर उनका नाम सूची में जोड़ने सहयोग किया।साथ ही कोमल जंघेल गाँव के लोगो से अपील किया कि जो लोग प्रधानमंत्री आवास से वँचित हो गए हैं और जो पात्र हैं उनका नाम सर्वे सूची में सम्मलित करने विशेष प्रयास करे ताकि छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार की मोदी की गारंटी को शीघ्र पूरा किया जा सके। संजय वर्मा सरपंच, मुकेश वर्मा, विनोद, रुपेश, जगराखन उपस्थित थे

### मुख्यमंत्री साय ने विधायक ललित चन्द्राकर की माता के निधन पर जताया शोक



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्ग ग्रामीण के विधायक तथा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर की माता श्रीमती पूर्णिमा चंद्राकर के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री चन्द्राकर की माता के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। माताजी का निधन पूरे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मेरी संवेदनाएं श्री चन्द्राकर और उनके परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने किया पदभार ग्रहण



**बालोद।** बालोद जिले के नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज अपरान्ह संयुक्त जिला कार्यालय में पहुँचकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर श्रीमती मिश्रा के संयुक्त जिला कार्यालय पहुँचने पर अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री नूतन कंवर, एसडीएम बालोद श्री सुरेश साहू, एसडीएम गुण्डरदेही श्रीमती प्रतिभा ठाकरे झा, एसडीएम डौण्डीलोहारा श्री शिवनाथ बघेल, एसडीएम गुरूर श्री रामकुमार सोनकर सहित डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर, जिला कोषालय अधिकारी श्री मुकुंद भारद्वाज, जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री चंद्रेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2012 बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे संचालक लोक शिक्षण तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद रायपुर में पदस्थ थीं।

# शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत स्कूल में प्रवेश दिलाने अभिभावक ने जनदर्शन में लगाई गुहार

### जनदर्शन में आज 137 आवेदन प्राप्त हुए

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सहायक कलेक्टर अभिजीत पठारे एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 137 आवेदन प्राप्त हुए। आज



जनदर्शन में सबसे अधिक शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश दिलाने के अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे अंजोरा निवासियों ने पेयजल की समस्या को लेकर आवेदन दिया। ग्राम अंजोरा(ढाबा) में पेयजल हेतु कोई भी पर्याप्त संसाधन नही है। गांव में एक ही बोर है, जिससे पूरा गांव पानी पी रहा है। पानी की टंकी बने सात साल हो गए हैं, लेकिन गांव वालों को आज तक टंकी से पानी प्राप्त नही हुआ है। पानी को लेकर गांव वालों को बहुत बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गांव में बोर खनन, हैंडपम्प सुधारने एवं टेंकर उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने पीएचई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत कक्षा पहली में प्रवेश हेतु नोडल अधिकारी द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया कि बी.पी.एल. राशन कार्ड में माता-पिता का नाम दर्ज नहीं है। इस पर अभ्यर्थी के परिजनों ने आपत्ति जताया। अभ्यर्थी के पिता ने बताया कि वर्ष 2007-08 में जब बी.पी.एल. सर्वे हुआ था, उस समय उनकी पुत्री नाबालिक थी और उनके दादा जो उस समय परिवार के संरक्षक थे, के नाम पर ही बी.पी.एल. कार्ड बना था। वर्तमान सत्र ना तो नगर निगम और ना ही राज्य शासन द्वारा कोई नया बी.पी.एल. सर्वे किया गया है, जिस कारण वर्तमान बी.पी.एल. कार्ड में उनका नाम नहीं जुड़ सका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007-08 में जारी सत्यापन प्रमाण पत्र में उनके परिवार का नाम हितग्राही के रूप में दर्ज है और यह प्रमाण पत्र शाला प्रवेश हेतु जारी किया गया था। इसी आधार पर आरटीई के अंतर्गत बच्चों को प्रवेश दिया जाता है।

## कलेक्टर ने ग्राम पतोरा में एफएसटीपी और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण कर कार्यों को सराहा

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह और जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे द्वारा ग्राम पंचायत पतोरा में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव और वाटर एड संस्था के कर्मचारियों द्वारा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की विस्तृत कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस यूनिट में 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों से मल-जल को एकत्र कर फिल्टरिंग हेतु टैंकों में संग्रहित किया जाता है। मल-जल को विभिन्न चेंबरों और टैंकों से गुजारकर कई स्तरों पर शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है, जिसके पश्चात् इससे तैयार खाद को सोना खाद÷ के नाम से जाना जाता है। यह खाद खेतों में उपयोग हेतु बेहद लाभकारी है। एफएसटीपी में उपचारित जल को भी एक अलग चैम्बर में संग्रहित कर उसे गार्डनिंग (बागवानी) हेतु पुनः उपयोग किया जाता है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस नवाचार की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि आसपास के गांवों में क्लस्टर बनाकर इसी प्रकार की और यूनिट स्थापित की जाएं। उन्होंने कहा कि हम अब गांवों को ओडीएफबना चुके हैं, अब हमारा अगला लक्ष्य ठोस मल-जल प्रबंधन की दिशा में ठोस कार्य करना है। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भूजल एवं मृदा को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण से बचाने पर विशेष बल दिया।



## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम बिरकोना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल

### प्रदेश की खुशहाली के लिए की प्रार्थना

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को अपने प्रवास के दौरान कबीरधाम जिले के ग्राम बिरकोना पहुँचे, जहाँ उन्होंने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कार्यक्रम में भाग लिया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विधि-विधान से व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रद्धापूर्वक कथा स्थल पर पूजा कर प्रदेश की समृद्धि, शांति एवं कबीरधाम जिले के सर्वांगीण विकास की मंगलकामना की। उन्होंने व्यासपीठ की पूजा किया और आम श्रद्धालुओं की तरह भूमि पर बैठकर कथा का श्रवण किया।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि भागवत महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला, धर्म, कर्म और भक्ति का अद्वितीय संगम है। कथा स्थल पर उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं से भेंट कर संवाद किया और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना।



उपमुख्यमंत्री ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जनमानस में सांस्कृतिक जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव को बल मिलता है, जो समावेशी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के आगमन से ग्राम बिरकोना में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से उनका स्वागत किया। कई श्रद्धालु भावविभोर होकर उपमुख्यमंत्री की धार्मिक भावना और जनसंपर्क के प्रति समर्पण की सराहना करते नजर आए। धार्मिक वातावरण से ओतप्रोत इस आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेन्द्र साहू, श्री मनिराम साहू, श्री जयराम साहू, श्री अमित वर्मा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## निगम भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** आज नगर पालिक निगम भिलाई में नागरिक सेवा दिवस मनाया गया। निगम सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी अधिकारी/ कर्मचारियों की बैठक बुलाई। बैठक के दौरान अधिकारियो को संबोधित करते हुए बताया कि नागरिक सेवा करने का अवसर सभी को नहीं मिलता है। यदि यह अवसर हमे मिला है तो हमारा प्रयास होना चाहिए कि नागरिको के साथ अच्छा व्यवहार करें। सर्वप्रथम उनकी जो समस्या है उसको सूना जावे, इससे उनको भरोसा मिलता है। जो काम खुद के करने लायक हो उसका निराकरण तुरंत कर देना चाहिए। अनावश्यक उसे दुबारा नहीं बुलाना चाहिए। अपने से नहीं हो सकता है तो उच्च अधिकारियो को भी सूचित करना चाहिए। शासन का दिशा-निर्देश



है कि हमे समय अवधि के अंदर सभी कार्यो का संपादन करना है। समय पर आफिस आए, अपने दायित्वों का निर्वहन करें, सरकार इसी कार्य के लिए वेतन देती है जिससे हमारा परिवार चलता है।आज सुशासन तिहार के अंतर्गत समीक्षा के दौरान प्रमुख मांगे जो थीद्य उसमें पानी की समस्या जिस पर शीध्र-अतिशीध्र निराकरण किया जावे। अगर कहीं पुरानी स्वीकृति हैद्यतो आवश्यकता के अनुसार कार्यो को पूर्ण कराया जाए। नागरिको के मांग अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्य किया जावे। सुशासन तिहार में जितने भी मांग वाले आवेदन है उसमें क्षेत्र के सब इंजीनीयर मौके पर जाकर संबंधित व्यक्ति से मिलकर निरीक्षण करें। जोन आयुक्त भी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें। आयुक्त कभी भी किसी भी वार्ड में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते है। सभी प्रकरणो पर समय अवधि के अंदर निराकरण करना आवश्यक है।प्रमुख रूप से सुशासन तिहार में जो आवेदन आए है उसमें से औसतन पानी की समस्या, साफसफाई, जल निकासी, सड़क, नाली, ढक्कन निर्माण, पानी जमा होना, अवैध कब्जा, महतारी वंदन योजना आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## सभी अधिकारी-कर्मचारी बालोद जिले को अग्रणी बनाने में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें : कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता

**बालोद।** नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी बनाने हेतु बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें। श्रीमती मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय में पहुँचने के पश्चात् सर्वप्रथम जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त किया।



नवपदस्थ कलेक्टर ने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरे लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिससे कि आम जनता एवं समाज के जरूरतमंद तथा अंतिम पंक्ति के लोगों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त कर उनके विभागीय कार्यों के संबंध में जानकारी ली। नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि जिलाधीश के रूप में पहली बार उन्हें कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में राज्य शासन की विशेष प्राथमिकता वाले एवं महत्वाकांक्षी कार्य सुशासन तिहार का जिले में सफलतापूर्वक संपादन सुनिश्चित करना हम सभी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार के दौरान अपने-अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर उनके समुचित निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## एनडीआरएफ का प्रशिक्षण शिविर निगम भिलाई में आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। उददेश्य था कि निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अप्रत्याशित रूप से आए आपदा के समय किस प्रकार से प्रारंभिक बचाव किया जाए। कोई भी समस्या बताकर नहीं आती है लेकिन सर्तकता एवं जानकारी रहने से बहुत कुछ कंट्रोल किया जा सकता है।

समस्याएं कुछ प्राकृतिक होती है जैसे बाढ़, भूकंप, सुनामी, बिजली चमकना एवं मानव निर्मित समस्या जैसे आगजनी, दुर्घटना, हार्ट टेक, पानी में डूबना, लू लगना इत्यादि ऐसे समय में क्या बचाव किया जाए।प्रशिक्षण में बताया गया कि अगर किसी को हृदय घात के लक्षण दिखे तो सीपीआर कैसे देना चाहिए उन्हे सर्वप्रथम देखना कि गले के नीचे सांस चल रहा है कि नहीं। यदि नहीं चल रहा तो उसे मुंह से सांस देने की प्रक्रिया, किस प्रकार से इंसान को लेटाकर छाती के नीचे हाथों से 30-30 बार दबाना इस प्रकार कुल 5 बार दबाना चाहिए। जिससे व्यक्ति को होस आने की संभावना बढ़ जाती है, उसके बाद उसे तुरंत डॉक्टर को बुलाना चाहिए। प्रारंभिक उपचार



कर देने से जीवन बचने की संभावना बढ़ जाता है। इसी प्रकार यदि दुर्घटना हो जाए तो कहीं से खून बह रहा है तो उसे साफकपड़े से डेटाल, साबुन जो भी उपलब्ध हो उससे अंदर से बाहर के तरफसाफकरके कपड़े से दबा देना चाहिए। उससे भी न रूके तो और कपड़ा लगाकर पटटी बांध देना चाहिए। यदि बिजली गिरने की संभावना है तो यह प्रयास करना चाहिए कि पानी, पेड़, विघुत उपकरण, मोबाईल, टीवी इत्यादि से दूर रहना चाहिए। घर सबसे सुरक्षित स्थल है, अपने आप को संकुचित करके बचा लेना चाहिए। पुरा प्रयास हो कि शरीर से जमीन का अर्थिगं न मिले। संयोग से यदि कार में बैठे हो तो उसके अंदर ही रहना चाहिए, बाहर नहीं निकलना चाहिए।घर में यदि एलपीजी सिलेण्डर में आग लगे तो घबराना नहीं चाहिए। घर में कंबल को गीला करके ढक देना चाहिए। बिजली का उपकरण से सार्ट सर्किट हो तो सर्वप्रथम मेन कनेक्शन से कट आउट निकाल देना चाहिए। भूलकर भी पानी नहीं डालना है और हो सके तो उस पर रेत फेंकर बुझा देना चाहिए। अगर कोई पानी में डूब रहा है तो उसे बचाने के लिए रस्सी, लकड़ी या अन्य उपकरण को उसको पकड़ाकर बचाना चाहिए। सांप, कुत्ते के काटने पर घबराना नहीं चाहिए, लगभग 11 प्रकार के सांपो की प्रजाती होती है उसमें 2 प्रजाती के सांप ही जहरीले होते है, घबराहत से इंसान को ज्यादा नुकसान होता है। झाड़ फूक, बैगा आदि से बचना चाहिए। जहां तक हो सके रोगी को सम्बल प्रदान करना चाहिए। घबराहत से ही जहर फैलता है, जितना जल्दी हो सके उस जगह को बलड सर्कुलेशन को बांध देना चाहिए और डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के एसआई विकास शर्मा, हेड कांस्टेबल के मधुसुदन, आसदीप त्रिपाठी, दीपक डंगडन, कृष्ण कुमार द्वारा प्रदान किया गया। प्रमुख रूप से निगम आयुक्त, उपायुक्त, मुख्यअभियंता, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता एवं सभी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियो से प्रेक्टीकल भी करवाया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा यह शिविर सबके लिए उपयोगी है, समाधान शिविर के दौरान नागरिको के बीच भी यह शिविर करवायेगे।

# ऊपरी तल में रहने वाले नागरिकों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा

### कई स्थानों में बनाए गए पंप हाउस से पेयजल आपूर्ति का काम किया जाता है, परंतु हर दो-तीन दिन में मोटर जल जाने के कारण लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पाता है

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी नगर निगम क्षेत्र की जनता को पर्याप्त पानी की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। कहीं पर मोटर जल गई है, तो कहीं पर पाइपलाइन फट गई है, तो कहीं पर पानी का प्रेशर ही नहीं बन पा रहा है।

खासकर निगम क्षेत्र में ऊपरी तल में रहने वाले नागरिकों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिसको लेकर नागरिकों के द्वारा निगम में कई बार शिकायत की गई है। परंतु नागरिकों की शिकायतों को अधिकारियों के द्वारा रद्दी टोकरी में डाल दिया जाता है।जिसकी वजह से ही समस्या जश की तश बनी रहती है। इस बात को लेकर नागरिकों के बीच काफी नाराजगी का माहौल है। निगम प्रशासन का यह रवैया नागरिकों के लिए कष्ट दायक साबित हो रहा है। इस विषय पर निगम आयुक्त कामचोर कर्मचारियों को सजा देने का काम कर रहे हैं।तो परंतु निगम के अधिकारियों के द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाने में निगम आयुक्त असहाय साबित हो रहे हैं।

आयुक्त का यह दौरा मापदंड दोहरा मापदंड नागरिकों के बीच जन चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि निगम के अधिकारी नागरिकों की शिकायत को नजरअंदाज करने का काम लंबे समय से कर रहे हैं। खासकर जोन क्रमांक 1 के जोन आयुक्त के द्वारा की जा रही मनमानी के चलते निगम क्षेत्र में अतिक्रमणों का मायाजाल मकड़ी के जाल के भॉती फैलता जा रहा है। जिस पर कार्यवाही करने के बजाय निगम के संबंधित विभाग द्वारा अवैध कब्जाधारियों को संरक्षण प्रदाय किया जाता है। उसके पीछे मुख्य कारण यह माना जा रहा है, कि निगम के कर्मचारी अवैध कब्जाधारियों से प्रतिदिन की वसूली करते हैं और उसका हिस्सा अधिकारियों तक पहुंचाते हैं। जिसकी वजह से ही कार्यवाही संभव नहीं हो पाती है। ठीक इसी तरह पेयजल समस्या को लेकर नागरिकों की शिकायतों को यहां पर नजर अंदाज किया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में कई स्थानों में बनाए गए पंप हाउस से पेयजल आपूर्ति का काम किया जाता है। परंतु हर दो-तीन दिन में मोटर जल जाने के कारण लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पाता है। इस विषय पर निगम के कर्मचारी कहते हैं,कि इस तरह की स्थिति से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। वे लोग मोटर की रिपेयरिंग को लेकर किसी भी रूप में गंभीर नहीं प्रतीत होते हैं।इसकी वजह से ही नागरिकों को पेयजल व्यवस्था से वंचित होना पड़ रहा है। नगर निगम के नेहरू नगर स्थित वार्ड में गरीबों के लिए बनाए गए मकान में पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं हो पा रही है। जहां पर नगर निगम के द्वारा पेयजल आपूर्ति को लेकर दो तरह की व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें शिवनाथ नदी के पानी के आपूर्ति पाइपलाइन के माध्यम से की जाती है। जिसका लाभ निचले तल के मकान में रहने वाले नागरिकों को प्राप्त होता है। परंतु ऊपरी तल में रहने वाले नागरिकों के लिए नगर निगम के द्वारा बनाए गए पंप हाउस से पाइपलाइन बिछाकर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बनाई गई है। परंतु गरीबों की आवासो में नीचे तल में रहने वाले नागरिक शिवनाथ के पानी का उपयोग भी कर रहे हैं। और पंप हाउस से बिछाई गई पाइपलाइन को फोड़कर उसका पानी का उपयोग कर रहे हैं।जिसकी जानकारी पंप ऑपरेटर,वार्ड सुपरवाइजर से लेकर जल विभाग के अधिकारी एवं जोन आयुक्त को भी है। यह अव्यवस्था उक्त क्षेत्र में काफी लंबे समय से बनी हुई है। जिसको लेकर अधिकारियों के पास कई बार शिकायतें भी हुई है। परंतु यहां पर कार्यवाही करने के बदले व्याप्त अअवस्था को सुचारु करने में अधिकारियों के द्वारा कोई भी समुचित पहला वर्तमान समय तक नहीं की गई है जिसकी वजह से ही इन मकानों के ऊपरी तल में रहने वाले नागरिक बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं कुछ लोगों के द्वारा पेयजल आपूर्ति के समय टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचने का काम किया जाता है। जिस पर भी रोक लगाई जाने की दिशा में किसी भी तरह की सकारात्मक पहल निगम के द्वारा नहीं की गई है।



जबकि ठीक इसके विपरीत निगम आयुक्त अपने प्रातः भ्रमण के दौरान समस्याओं को देखने निगम क्षेत्र में घूम रहे हैं परंतु इस क्षेत्र में जाने की दिशा में निगम आयुक्त ने भी कोई पहल नहीं की है। जिसकी वजह से यहां के नागरिक पेयजल व्यवस्था का समुचित लाभ नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। और पानी के लिए किल्लत और जिल्लत झेलने पर मजबूर हैं।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्रामीण अंचलों में वैवाहिक कार्यक्रमों में हुए शामिल

### नवविवाहित जोड़ों को दी आशीर्वाद व शुभकामनाएं

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा अपने एक दिवसीय दौरे पर रविवार को कबीरधाम जिले के विभिन्न सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से आत्मीय मुलाकात की और ग्रामीणजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा कवर्धा नगर स्थित श्री विकास नाहर के निवास पहुँचे, जहाँ उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात की और पारिवारिक सौहार्द में सम्मिलित हुए। इसके पश्चात उन्होंने जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रमों में शिरकत की।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ग्राम बैहरसरी में श्री अमित वर्मा और श्री बद्री प्रसाद वर्मा के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके बाद वे ग्राम पोड़ी में श्री सोमू साहू, ग्राम नेउरगांव कला में श्री केदार पटेल एवं श्री आकाश चंद्रवंशी, ग्राम कुसुमघटा में श्री रामाधार वर्मा, ग्राम गण्डईखुर्द में श्री सुखचैन चंद्रवंशी तथा ग्राम बंदौरा में श्री संतोष कौशिक के घर वैवाहिक समारोहों में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध जीवन की मंगलकामनाएँ की। उन्होंने कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और सामाजिक मूल्यों का मिलन है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अवसरों पर सम्मिलित होकर वे स्वयं को लोगों के और अधिक निकट पाते हैं। उपमुख्यमंत्री के आगमन से ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और अपने-अपने गांव में सरकार की योजनाओं और सुविधाओं को लेकर चर्चा भी की। श्री शर्मा ने लोगों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्यरत है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेन्द्र साहू, श्री मनिराम साहू, श्री जयराम साहू, श्री अमित वर्मा सहित जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।



## न्यूज ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडेय ने पदभार ग्रहण किया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री राकेश पांडेय द्वारा पदभार ग्रहण पश्चात दिनांक 21.04.2025 को कंकाली पारा स्थित गाँधी भवन छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड मुख्यालय द्वारा संचालित कार्य योजना का अवलोकन किया गया है द्य उनके द्वारा बोर्ड में कार्यरत सभी अधिकारी / कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई जिसमे उनके द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा अनुरूप खादी एवं ग्रामोद्योग के कार्यो को तेजी से आगे बढ़ाने की दिशा में खादी वस्त्रो के ऑनलाइन और ऑफ्लाईन माध्यमो से अधिक से अधिक प्रचार ङ्क प्रसार में जोर देने हेतु निर्देशित किया गया ताकि खादी वस्त्रो के प्रति लोगो का झुकाव और अधिक बढ़े और वो अपनी पुरानी संस्कृति की ओर आकर्षित हो द्य साथ ही उन्होंने कहा कि खादी का नाम लेते ही पूज्य बापू जी का स्मरण होने लगता है। गांधी जी ने स्वयं खादी को अपनाकर तथा चरखा चलाकर हर व्यक्ति को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसके माध्यम से संदेश दिया कि स्वावलंबी बनने के लिए हर व्यक्ति के हाथ में काम होना चाहिए।

### थाना मंदिरहसौद क्षेत्र में छापेमारी के दौरान मिला भारी मात्रा में अवैध रूप से रखा हुआ पेट्रोल, डीजल व एथेनॉल



**रायपुर।** दिनांक 20.04.2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग संगठित होकर मंदिरहसौद स्थित ऑयल डिपो इंडियन ऑयल गुजरा, एचपीसीएल0 मंदिर हसौद से निकलने वाले टेंकरो से पेट्रोलियम पदार्थ (पेट्रोल, डीजल, एथेनॉल) की कटिंग करके अधिक लाभ अर्जित करने की नियत से अपने-अपने अवैध यार्ड मे ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल, डीजल, एथेनॉल) को अत्यधिक मात्रा मे संग्रहित करके ड्रमों मे रखे हुए है। मुखबिर की सूचना पर अति0 पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर श्री विवेक शुक्ला के हमराह मे चार टीम बनाकर आरोपियों 01 गोलू उर्फ नोहर रात्रे पता मंदिर हसौद 02 अमरेश साव पता एम.एम. कॉलेज के पास उमरिया 03 सुब्रजीत मुदुली 04 दीप्ति रंजन पता राजीव नगर मंदिर हसौद 05 राहुल यादव पता गुजरा फाटक के ठिकानों पर दबिश देकर भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ डीजल 10200 लीटर कीमती 1015000 रूपये, पेट्रोल 7210 लीटर, कीमती 721000 रूपये, एथेनॉल 8000 लीटर कीमती 400000 रूपये (कुल पेट्रोल, डीजल, एथेनॉल 25410 लीटर जुमला कीमती 2136000/ रूपये) को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क0 152, 153, 154, 155/25 धारा 287 BNS. एवं 3, 7 E.C.Act पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियो को गिरफ्तार कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

### अवैध तरीके से गैस सिलेंडर रिफिलिंग 2 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**रायपुर।** रायपुर में अवैध तरीके से गैस सिलेंडर रिफिलिंग करते दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास पुलिस ने दर्जनभर सिलेंडर, नोजल और पाइप भी जब्त किया है। यह पूरा मामला मुजगहन थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पुलिस ने आवश्यक वस्तु एक्ट के तहत एक्शन लिया है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना मुजगहन क्षेत्र के कांदुल स्थित भारत गैस गोडाउन के सामने नाला के पास कुछ लोग मौजूद है। जो अवैध रूप से घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों के गैस रिफिलिंग करके ज्यादा दामों में बेच रहे हैं। जिसके बाद पुलिस अफसरों के निर्देश के बाद घेराबंदी करके रेड मारी गई। रेड में घरेलू गैस सिलेंडरों से कमर्शियल गैस सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते 2 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम नीरज धनकर और दयालु साहू बताया।

# कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का सीएम हाउस घेराव

## बैज-पुलिस के बीच धक्का-मुक्की, पीसीसी चीफ बोले-छत्तीसगढ़ को यूपी-बिहार बनाने पर तुली सरकार, रेप-मर्डर और डकैती से खौफ में जनता

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकली। इस दौरान पीसीसी चीफ, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्कामुक्की भी हुई। सीएम हाउस घेराव से पहले रायपुर निगम के सामने गार्डन में कांग्रेस नेता बड़ी संख्या में जुटे और सभा की। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार अपराध रोकने में विफल साबित हुई है और जनता डरी हुई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु जनता के लिए मुख्यमंत्री बनकर नहीं, भक्षक बनकर काम कर रहे हैं।

बैज ने कहा कि हमारी लड़ाई छत्तीसगढ़ की जनता के हक, बीजेपी और सरकार के खिलाफ है। गर्मी 42 डिग्री हो या 45 हमारी माता बहनों को बचाने से हमें कोई नहीं रोक सकता। आत्मानंद स्कूल की 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा से रेप होता है। एक महीने की गर्भवती हो जाती है, प्रशासन को पता नहीं है। श्री बैज ने कहा कि हमने विधानसभा में प्रदर्शन किया, ब्लॉक, ज़िला हर स्तर पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया, लेकिन सरकार नींद से नहीं उठी। हर तीन घंटे में एक बलात्कार हो रहा है। ये सरकार छत्तीसगढ़ को यूपी और बिहार बनाने पर तुली है, लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी।



### प्रदर्शन में पीसीसी प्रभारी पायलट, पूर्व सीएम बघेल व सिंहदेव शामिल नहीं हुए

यह प्रदर्शन पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व हुआ। घेराव से पहले रायपुर नगर निगम के सामने कांग्रेस ने सभा का आयोजन किया। सभा में प्रदेशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। इसमें नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व पीसीसी चीफ धनेन्द्र साहू, सह-प्रभारी विजय जांगिड, जरिता लैतफ़्लांग ,प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम, प्रभारी महामंत्री मलकीत गैदू समेत कई बड़े नेता मौजूद थे। हालांकि सरकार के ख़िलाफ इस बड़े प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव शामिल नहीं हुए।

### बलरामपुर में महिला पुलिस को महिलाएं मार रही : उमेश पटेल

विधायक उमेश पटेल ने कहा कि डेढ़ साल में ऐसे-ऐसे कारनामे हुए जो छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी न हुए। दिमाग और दिल में घर कर गए। बलौदाबाज़ार की घटना हुई है। इस सरकार में एसडीएम को जनता दौड़ाती है। बलरामपुर में महिला पुलिस को महिलाएं मार रही थी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना इसलिए होती है, क्योंकि शासन-प्रशासन से जनता का विश्वास उठ जाता है। छत्तीसगढ़ अपराध के मामलों में तेज़ी से डेढ़ साल में आगे बढ़ा है। वहीं फूलो देवी नेताम ने कहा कि ये मुख्यमंत्री शासन और प्रशासन की चूक है, जो आज बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। आज हम यहां, इसलिए इकट्ठे हुए हैं, ताकि मुख्यमंत्री की आंखें खोल सकें।

### रायपुर में 515 से ज्यादा किडनैपिंग की वारदात

श्री बैज ने कहा कि लूट और किडनैपिंग में भी रायपुर टॉप पर है। यहां 515 से ज्यादा किडनैपिंग की वारदात हुई है। एक साल में 93 हत्याएं और 268 रेप की वारदातें हुई हैं। प्रदेश में 3644 किडनैपिंग और 1114 लोगों की हत्याएं हुई है, जबकि 3191 महिलाओं से रेप की वारदात हुई है। बैज ने कहा कि गृहमंत्री पश्चिम बंगाल पर बयान द रहे , इतनी ही चिंता है, यहां से इस्तीफा देकर वहां जाकर पद संभाल लें। वो आदिवासी जो खुद को आदिवासी नहीं मानते, जनजाति मानने वाले बस्तर में जाकर आदिवासियों के लिए बयान दे रहे हैं, इन्हें क्या पता आदिवासियों का संघर्ष क्या है?

### शांति का टापू आज अपराध गढ़ बन चुका : धनेंद्र साहू

वहीं पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू ने कहा कि रोज हत्या, बलात्कार, लूटपाट की घटनाएं हो रही हैं। क्या यही विष्णु का सुशासन है। शांति का टापू आज अपराध गढ़ बन चुका है। आज न्याय पथ पर चलकर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए ये घेराव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी राम राज्य, विष्णु के सुशासन की बात कर रहे हैं, लेकिन चारों तरफ अशांति है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ये आयोजन किया है।

# कांग्रेस के प्रदर्शन को भाजपा ने किया ट्रोल, श्रीवास्तव ने कहा-अपराधियों के गिरोह का आंदोलन

### खुद को जिंदा रखने के लिए किया : चंद्राकर

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** सोमवार को छत्तीसगढ़ कांग्रेस रायपुर में सीएम हाउस घेरने निकली। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार अपराध रोकने में विफल साबित हुई है और जनता डरी हुई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु जनता के लिए मुख्यमंत्री बनकर नहीं, भक्षक बनकर काम कर रहे हैं। इसके बाद भाजपा सोशल मीडिया पर कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन आयोजन को ट्रोल कर रही है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने इस आयोजन को अपराधियों के गिरोह का आयोजन बता दिया। एकात्म परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता भी नैतिक रूप से इस आंदोलन के पक्ष में नहीं थे और इसलिए अंतरात्मा की



आवाज सुनकर कांग्रेस कार्यकर्ता इस आंदोलन में शरीक ही नहीं हुए। अपने पाँच वर्षों के शासनकाल में कांग्रेस ने अपराधियों के समान शासन चलाने वाली, अपराधियों की तरह व्यवहार करने वाली कांग्रेस आज कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा रही है। श्रीवास्तव ने कहा- हमारी सरकार बनने के बाद जितने भी अपराध हुए हैं, उनमें बड़े अपराधो में कांग्रेस के नेताओं की संलिप्तता साबित हुई है। चाहे सरगुजा जिले के सूरजपुर में युवक कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप साहू ने सरगुजा में मां व बेटी की 13 अक्टूबर, 2024 को हत्या हो, चाहे गिरौदपुरी धाम को अपने राजनीतिक षड्यंत्र का केंद्र बनाकर बाद में उसी की आड़ में 11 जून, 2024 को बलौदाबाजार में कलेक्टर-एस पी कार्यालय जलाने की घटना हो जिसमें कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव जमानत पर हैं, बलौदाबाजार में जातीय विद्वेष फैलाने का काम किया। कांग्रेस सरकार में उनका चहेता अधिकारी टामन सोनवानी जेल में है, इस बात का जवाब भी कांग्रेस दे। महादेव ऐप, जिसने छत्तीसगढ़ का भविष्य बर्बाद कर दिया, उस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री पर आरोप लगा है, इस बात का कांग्रेस जवाब दे। कोल, डीएमएफ जैसे आर्थिक अपराध की आँच सचिवालय तक पहुँची और मुख्यमंत्री की तत्कालीन निज सचिब और चहेती अधिकारी आज जेल में है, इस पर कांग्रेस जवाब दे। कांग्रेस के कार्यकाल में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में अभद्रता हुई, इस शर्मनाक विषय पर कांग्रेस को अपने मौन का जवाब देना चाहिए।

# श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी दादाबाड़ी में सोने-चांदी के बरक व दिव्य औषधियों से 18 अभिषेक महापूजन आज

### कल अष्टम ध्वजारोहण व सीमंधर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव सह चौदह महास्वप्नों की पूजा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में प्राण प्रतिष्ठित सभी प्रतिमाओं का सोने चांदी के बरक व दिव्य ओषधियों, पवित्र नदियों के सुगंधित जल इत्यादि से 18 अभिषेक महापूजन विधान आज प्रातः 9 बजे से होगा ।

श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि वर्ष भर में हुई अशातनाओं से शुद्धिकरण हेतु ध्वजारोहण के पूर्व 18 अभिषेक विधान किया जाता है । जिनमंदिर की सभी 18 प्रतिमाओं का 18 श्रद्धालु परिवारों द्वारा मंत्रोच्चार व द्रव्यों से प्रसिद्ध विधिकारक श्री विमल गोलेछा के मार्गदर्शन में विधान सम्पन्न किया जावेगा।



आज रात्रि 8 बजे से नाकोड़ा भवन में सीम झाबक व दीप्ती बैद द्वारा निर्देशित कार्यक्रम आवाज की शक्ति - प्रभु की भक्ति एकल गीत प्रतियोगिता होगी । ध्वजा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य खरतर गच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी के शुभ आशीर्वाद से उपाध्याय प्रवर, आध्यात्म योगी श्री महेन्द्र सागर जी के सुशिष्य उपाध्याय श्री मनीष सागर जी म सा के सुशिष्य श्री ऋषभ सागर जी आदि ठाणा के पावन सानिध्य में आयोजित है । 23 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से सत्तरभेदी पूजा होगी ।

वर्तमानकाल में महाविदेह क्षेत्र में विचरण कर रहे तीर्थंकर परमात्मा श्री सीमंधर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा । परमात्मा की माताश्री द्वारा देखे गए 14 महास्वप्नों की बोलियां होगी व लाभार्थी परिवारों द्वारा स्वप्नों जी को बधाया जाएगा । सत्तरभेदी पूजा के क्रम में ध्वजा पूजन के समय जिनमंदिर व दादाबाड़ी के शिखर पर नई ध्वजा चढ़ाई जावेगी । 23 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से नाकोड़ा भवन में श्री सीमंधर महिला मण्डल की प्रस्तुति भक्ति का तंबोला का भक्तिमय कार्यक्रम होगा ।

# अपर आयुक्त ने विज्ञापन ढांचे की संरचनात्मक सुरक्षा जांच के लिए पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को दिए जरूरी निर्देश

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त श्री पंकज शर्मा ने नगर पालिक निगम रायपुर की समस्त पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को विज्ञापन ढांचे की संरचनात्मक सुरक्षा जाँच कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त हो चुका है तथा नगर निगम रायपुर द्वारा दी गई एक वर्ष की विज्ञापन स्वीकृति अवधि भी पूर्ण हो चुकी है। अतः यह आवश्यक कि पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों द्वारा लगाये गये समस्त विज्ञापन ढांचों (यूनिपोल, होर्डिंग, गेन्ट्री, कियोस्क आदि ) की संरचनात्मक सुरक्षा की समुचित जाँच प्रामाणिक संरचनात्मक अभियंता से कराई जाए। आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने इस संबंध में पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को निर्देशों का पालन कड़ाई से करना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। ग्राउंड पर स्थापित विज्ञापन ढांचे की फाउंडेशन (नींव) की स्थायित्व जांच करायी जाकर इसकी रिपोर्ट नगर निगम कार्यालय में 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। भवनों की छतों पर



लगाए गए मीडिया स्ट्रक्चर की विशेष रूप से फाउंडेशन एवं एंकरिंग सिस्टम की स्थिति की जांच कर सुरक्षा संबंधित सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करते हुए भवनों पर लगे, स्ट्रक्चर के लोड को संबंधित करते हुए संरचना सुरक्षा प्रमाण पत्र नगर निगम कार्यालय में 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। यह सुनिश्चित किया जाये कि एजेंसी द्वारा सभी विज्ञापन ढांचों में किसी भी प्रकार की क्षति, जंग, झुकाव, वेल्डिंग अथवा ढांचे में कमजोरी पाए जाने पर तत्काल मरम्मत करायी जाये अथवा ढांचे की सुरक्षा की स्थिति में किसी भी प्रकार का संशय हो, तो उस संरचना को तत्काल हटाया जाना अनिवार्य होगा। विज्ञापन मीडिया के फायर सेफ्टी एवं बिजली संबंधी सुरक्षा उपायों का भी भौतिक सत्यापन कराया जाकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगें।

# स्कूली जीवन में मानसिक एकाग्रता से मिलेगी सफलता : ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी

### नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने कार्यक्रम हुआ

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग के द्वारा होली हार्ट स्कूल सिविल लाईन्स में नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी और चेतना दीदी के मार्गदर्शन में विशेष सत्र आयोजित किया गया।

राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बतलाया कि हमारे जीवन में मन की महत्वपूर्ण भूमिका है। शास्त्रों में भी लिखा है कि मन जीते जगत जीत अर्थात जिस व्यक्ति ने अपने मन को काबू में कर लिया वह दुनिया पर राज कर सकता है। मन को जीतने के लिए हमें अपने अवचेतन मन में सदैव सकारात्मक विचार उत्पन्न करना सीखना होगा और निगेटिव थाट्स को बाय-बाय करना होगा। आगे उन्होंने बच्चों को प्रेरणा देते हुए बतलाया कि रामायण में उल्लेख आता है कि हनुमान अपनी शक्तियों को भूल जाते थे। उन्हें समुद्र लांघने के







लिए जामवन्त ने उनकी शक्तियों की याद दिलाई थी। ऐसे ही आज हम ब्रह्माकुमारी बहनें आप बच्चों को आपकी शक्तियों की याद दिलाने के लिए आयी हैं।

उन्होंने बतलाया कि हमारा अवचेतन मन एक जिन्न की तरह काम करता है। उसे सिर्फ जी हुजूर करना आता है। रात को नींद आने के दस मिनट पहले और सुबह सोकर उठने के दस मिनट पहले तक हमारा अवचेतन मन सक्रिय रहता है। इस समय हम उसे जैसा विचार देते हैं वह वैसा व्यवहार करने लगता है। इसलिए हमें रचनात्मक सोच की आदत डालनी चाहिए। कोई निगेटिव बातें बोलता है तो उसे अनसुना कर आगे बढना है। निगेटिव बातें हमारे उमंग-उत्साह को कम कर देती हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में बच्चों को मन की एकाग्रता और सकारात्मक सोच रखने के लिए कुछ फिजिकल एक्सरसाईज भी कराई। जिससे पता चला कि बच्चे बड़ी ही तन्मयता के साथ पूरी बात को सुन और समझ रहे हैं।

ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का स्मरण करते हुए बतलाया कि उन्होंने एक इन्टरव्यू में कहा था कि भारत देश ने कभी भी किसी देश पर पहले आक्रमण नहीं किया था। उसने जो भी युद्ध किया वह अपनी सुरक्षा के लिए किया। उन्होंने कहा कि हम भारत को माता कहते हैं और माँ कभी भी अपने बच्चों पर हमला नहीं कर सकती। माँ तो बच्चों को प्यार करने के लिए होती है। हम ऐसे महान भारत माँ के महान सपूत बच्चे हैं। हमें गर्व है अपने देश पर।

# निगम में राजस्व वसूली निजी एजेंसी के माध्यम से कराए जाने का कोई निर्णय नहीं लिया है : मीनल

### महापौर ने नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ को आश्वस्त किया

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने उनसे मिलकर ज्ञापन देने आये रायपुर नगर पालिक निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों राजस्व विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को बताया कि नगर पालिक निगम रायपुर में राजस्व वसूली ठेका एजेंसी के माध्यम से कराये जाने का रायपुर नगर निगम और महापौर ने कोई निर्णय नहीं लिया है।

इस सम्बन्ध में संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त कर महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने बताया कि उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी सहायक राजस्व अधिकारियों



को राजस्व वसूली के सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश दिया जाना सुनिश्चित किया जाये. महापौर ने राजस्व विभाग अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग के सहायक राजस्व विभाग के कर्मचारियों को राजस्व वसूली के मूल कार्य को अच्छी तरह करने अन्य कार्यों में ड्यूटी पर ना लगाया जाये. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने संघ के अध्यक्ष श्री प्रमोद राव जाधव सहित उपाध्यक्ष श्रीमती स्वामी साहू, श्री मोहित कुमार, श्री श्याम सोनी, महामंत्री श्री आशुतोष सिंह, श्री राधेश्याम एक्का, महासचिव श्री अंशुल शर्मा जुनियर, श्री सैय्यद जोहेब, सचिव श्री नितिश झा, श्री योगेश कडु सहित सभी पदाधिकारियों राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को मांगों से सम्बंधित ज्ञापन देने पर उन्हें यह आश्वस्त किया। संघ के अध्यक्ष श्री प्रमोद राव जाधव सहित सभी पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमती मीनल चौबे से चर्चा के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 को नगर निगम रायपुर में राजस्व वसूली वर्ष घोषित करने का विनम्र अनुरोध किया है। महापौर श्रीमती मीनल चौबे को रायपुर नगर पालिक निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों ने नगरीय निकायो में वेतन विसंगती व अन्य समस्याओ के संबंध में 6 सूत्रीय मांग से संबंधित ज्ञापन सौपा है. 2004 के बाद नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू किया जावे. नगरीय निकायों में ठेका पद्धति समाप्त करते हुये प्लॅसमेंट कर्मचारियों को नगरीय निकाय के माध्यम से वेतन भुगतान किया जावे तथा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले निकाय के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमितिकरण किया जावे। नगरीय निकायों के कर्मचारियों को 6 वे व 7 वें वेतनमान की एरियर्स की राशि का भुगतान किया जावे. अनुकंम्पा नियुक्ति में काफी समय से सीधी भर्ती नहीं होने से पात्र हितग्राहियों की आयु सीमा 45 वर्ष को शिथिल किया जावे एवं तृतीय श्रेणी में पात्र कर्मचारियो को अनुकंपा नियुक्ति के रिक्त पद पर नियुक्ति प्रदान किया जावे. ठेका में कार्यरत कर्मचारियो को श्रम सम्मान राशि का भुगतान किया जावे। प्रतिनियुक्ति पर संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन भुगतान संचालनालय स्तर से किया जावे. अन्य निकाय से आने वाले अधिकारियो, कर्मचारियों को नगर पालिक निगम, रायपुर पर संविलियन पर रोक लगाया जावे. सभी विभाग के साथ विशेष रूप से स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों को रविवार अवकाश प्रदान किया जाए।


# नक्सल समस्या के समाधान में जनसंपर्क की अहम भूमिका : डॉ. सुशील त्रिवेदी

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय में जनसंपर्क दिवस पर व्याख्यान

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर वर्तमान समय में जनसंपर्क की भूमिका पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. सुशील त्रिवेदी ने कहा कि प्रदेश में नक्सल समस्या के समाधान में जनसंपर्क की अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि आज संचार माध्यमों में तेजी से बदलाव आए हैं। जनसंपर्क का वास्ता सीधा लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और व्यक्ति की आजादी से है। उन्होंने कहा जनसंपर्क पूर्णकालिक, नवाचार युक्त अध्ययन अध्यापन का विषय है। जनसंपर्क सुनियोजित और निरंतर





प्रयास है। विद्यार्थियों को ध्यान देना होगा कि आने वाले समय में एआई बड़ी चुनौती है। इसलिए सतत अध्ययन करते रहें। कुलपति एवं संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि आज के दौर में जनसंपर्क का दायरा बहुत बड़ा हो गया है। शासन की योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जनसंपर्क के विभिन्न आयामों को समझें और अपनी रचनात्मकता और संवाद क्षमता को लगातार निखारें, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रह सकें। इस अवसर पर कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि बदलते दौर में एआई की भूमिका अहम है। अगर आपको अपनी उपयोगिता बनाए रखनी है तो अपडेटेड रहना होगा, नहीं तो आउटडेटेड हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज मीडिया में ब्रेकिंग न्यूज का दौर है। सूचना संचार की भागदौड़ में फेक न्यूज बड़ी समस्या है। ऐसे में सोर्स से खबर की पुष्टि करना जरूरी है। इससे विश्वसनीयता बनी रहती है। कार्यक्रम के संयोजक और विज्ञापन और जनसंपर्क विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी ने कहा कि जनसंपर्क केवल सूचना साझा करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक प्रभावशाली संवाद कौशल है।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय



### बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार

रिजर्व बैंक के मुताबिक, आइएमएफ में भारत के रिजर्व पोडिशन की वैल्यू भी 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गयी। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि के कारण डॉलर के मुकाबले में तेजी देखी गयी है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का अर्थ है कि भारत के पास विदेशी मुद्रा में अधिक संसाधन उपलब्ध हैं।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार हो रही वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में बताती है। 11 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.567 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 677.83 अरब डॉलर तक पहुंच गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, लगातार छठे सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। दरअसल, पिछले सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत हुआ था। इसी दौरान विदेशी निवेशकों का भारतीय शेयर बाजारों में भी निवेश बढ़ा। इससे पहले के सप्ताह में मुद्रा भंडार में 10.8 अरब डॉलर की भारी वृद्धि हुई थी, जिसके पीछे विदेशी मुद्रा आस्तियों (फॉरेन करेंसी एसेट्स) और सोने के भंडार में वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। फॉरेन करेंसी एसेट्स-यानी एफसीए विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जिसमें अमेरिकी डॉलर, यूरो, येन और पाउंड जैसी विदेशी मुद्राएं शामिल हैं। जहां तक स्वर्ण भंडार में वृद्धि का प्रश्न है, तो विश्व बाजार में सोने की कीमतों में मजबूती और निवेशकों के बीच इसके सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में लोकप्रियता इसका कारण है।

निर्यात तथा विदेशी निवेश में वृद्धि और मुद्रा विनिमय दरों में स्थिरता भी विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि के दूसरे कारण हैं। रिजर्व बैंक के मुताबिक, आइएमएफ में भारत के रिजर्व पोडिशन की वैल्यू भी 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गयी। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि के कारण डॉलर के मुकाबले में तेजी देखी गयी है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का अर्थ है कि भारत के पास विदेशी मुद्रा में अधिक संसाधन उपलब्ध हैं। इसकी मजबूत स्थिति बाजार तथा निवेशकों में विश्वास पैदा करती है, जिससे घरेलू एवं विदेशी निवेशक अधिक निवेश करने के प्रति प्रोत्साहित होते हैं। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के सर्वोच्च स्तर 704.89 अरब डॉलर तक पहुंचा था। चीन के पास दुनिया का सबसे अधिक विदेशी मुद्रा भंडार है, इस मामले में भारत पांचवें स्थान पर है। वैश्विक अस्थिरताओं के बावजूद विदेशी मुद्रा भंडार की मजबूती भारत की बड़ी उपलब्धि है। विदेशी मुद्रा भंडार भारत को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और भुगतान करने में मदद करता है तथा देश की आर्थिक स्थिरता में योगदान देता है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि न केवल भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता को दर्शाती है, बल्कि वैश्विक निवेशकों का भारत की अर्थव्यवस्था में भरोसे के बारे में भी बताती है।

# मानव सभ्यता को बचाने के लिए पृथ्वी संरक्षण जरूरी

■ ललित गर्ग, वरिष्ठ स्तंभकार





विश्व पृथ्वी दिवस -22 अप्रैल पर विशेष

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैव विविधता संकट को रोकने के लिए कार्रवाई का एक क्रांतिकारी आह्वान है पृथ्वी दिवस जो पूरे विश्व में 22 अप्रैल को मनाया जाता है। पृथ्वी या सृष्टि के संरक्षण और स्थिरता के लिए जागरूकता पैदा करना इसलिये आवश्यक हो गया कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर गहरे संकट है। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह', जो यह स्पष्ट करता है कि जलवायु परिवर्तन और हमारे पर्यावरण के दुरुपयोग से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की तत्काल आवश्यकता है। हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

190 से अधिक देशों को पृथ्वी दिवस में शामिल करते हुए एक वैश्विक आंदोलन बन गया है जो प्लास्टिक प्रदूषण, नवीकरणीय संसाधन, ग्लोबल वार्मिंग और टिकाऊ जीवन जैसी प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। वृक्षारोपण, सफाई अभियान, शैक्षिक अभियान और वकालत वैश्विक स्तर पर सरकारों, संगठनों, स्कूलों और समुदायों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में से हैं। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की दृष्टि से अधिक सही निर्णय लेने तथा पृथ्वी के अनुकूल नीतियों के पक्ष में खड़ा करता है और इस बात पर जोर देता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप कहीं भी रहते हों, आप पृथ्वी को अधिक स्वस्थ और टिकाऊ बनाने में योगदान दे सकते हैं और ऐसा करते हुए शांति की स्थापना एवं शांतिपूर्ण जीवन को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दिवस के माध्यम से ऐसे विचारों एवं जीवनशैली को संगठित करना है जिससे पर्यावरण नीति निर्माता सरकारों को प्रेरित करें ताकि पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए कानूनों और प्रथाओं में बदलाव हो सके एवं वैज्ञानिक नवाचारों और हरित प्रौद्योगिकियों के विचार को बल देते हुए पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने और भविष्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सके। आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रुव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिंग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी एवं अनेक नयी-नयी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी। इसीलिये विश्व पृथ्वी दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। यह दीर्घकालिक परिवर्तन को संभव बनाने की दिशा में काम करेगा क्योंकि यह पर्यावरण जागरूकता की संस्कृति को विकसित करता है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पृथ्वी का सक्रिय संरक्षक बनने के लिए सशक्त बनाता है। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही इस दिवस को मनाया जाता है।

आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है, न अमेरिका का टैरिफ वार है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बड़े खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व पृथ्वी दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी और उसके पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आज पॉलीथीन पृथ्वी के लिये सबसे बड़ा सिरदर्द बन गई है। इसके नष्ट न होने के कारण भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है। इनको जलाने से निकलने वाला धुआँ ओजोन परत को भी नुकसान पहुँचाता है जो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा कारण है।

## प्रेरक प्रसंग

### कद्दू की तीर्थयात्रा

हमारे यहाँ तीर्थ यात्रा का बहुत ही महत्त्व है। पहले के समय यात्रा में जाना बहुत कठिन था। पैदल या तो बैल गाड़ी में यात्रा की जाती थी। एकबार तीर्थ यात्रा पे जानेवाले लोगो का संघ संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलनेकी प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा ~ ÷मै तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहाँ ~ जहाँ भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ - जहाँ गए, स्नान किया वहाँ ~ वहाँ स्नान करवाया; मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियो को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रिओ ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि ÷यह सब्जी कड़वी है।÷ तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि ÷यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है ! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि 'हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है।

## धर्म-कर्म

### वट सावित्री व्रत 26 मई को रखा जाएगा? नोट कर लें, पूजा-विधि और सामग्री की लिस्ट

वट सावित्री व्रत हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है। वट सावित्री महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना के लिए रखती है। वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन रखा जाता है। सबसे पहले वट सावित्री का व्रत राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री ने अपने पति सत्यवान के लिए किया था। तभी से वट सावित्री व्रत महिलाएं अपने पति के मंगल कामना के लिए रखती हैं। इस साल वट सावित्री का व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि यानी सोमवार 26 मई को रखा जाएगा। वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं भूखी प्यासी रहकर व्रत करती हैं। साथ ही वट वृक्ष की पूजा करती हैं। इसे शनि जयंती के नाम से भी कहा जाता है। साथ ही इस व्रत को करने से शनि के नकारात्मक प्रभाव में भी कमी आती है। बता दें कि 26 मई को अमावस्या तिथि का आरंभ दोपहर में 12 बजकर 12 मिनट पर होगा और 27 तारीख को सुबह में 8 बजकर 32 मिनट पर अमावस्या तिथि समाप्त होगी। शास्त्रीय विधान के अनुसार अमावस्या तिथि दोपहर के समय होने पर वट सावित्री व्रत किया जाता है। इसलिए यह व्रत 26 मई को किया जाएगा।

पूजा-विधि : सबसे पहले पूजा के दिन टोकरी में रेत भरकर ब्रह्मा की मूर्ति स्थापित करें तथा वाम पार्श्व में सावित्री की मूर्ति स्थापित करनी चाहिए। दूसरी टोकरी में सत्यवान सावित्री की मूर्ति स्थापित करें। दोनों टोकरियों को वट वृक्ष के नीचे रखें।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## आंचलिक

# दंतेवाड़ा में नए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया पदभार ग्रहण

### जिले में चल रहे विकासात्मक गतिविधियों के संबंध में ली जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता



**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के नवनियुक्त कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने सोमवार, 21 अप्रैल को अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी श्री दुदावत पूर्व में कोंडागांव जिले में कलेक्टर तथा बिलासपुर नगर निगम में आयुक्त के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवपदस्थ कलेक्टर ने अधिकारियों से किया परिचय, शासन की प्रमुखता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दिए जाने पर दिया जोर : नवपदस्थ कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज संयुक्त कलेक्टोरेट भवन के डंकनी सभाकक्ष में पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिले के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया एवं जिले की विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से सत्यनिष्ठा, समर्पण, से कर्तव्य निर्वहन पर बल देते हुए कहा कि वे नियत समय पर अपने कार्यालय पर उपस्थित होवें। न केवल अधिकारी बल्कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी भी कार्यालयों पर समय पर आवें। इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के प्राप्त आवेदनों पर किए जा रहे निराकरण के संबंध में कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत दो तरह के आवेदन शिकायत और मांग आवेदन विभागों के समक्ष आ चुके है। इस संबंध में शिकायत संबंधित आवेदनों पर विभाग प्रमुखों से पूरी तत्परता से निराकरण की अपेक्षा है जबकि मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण में विभागीय बजट के अनुसार समाधान को प्राथमिकता देवें। इसके अलावा शासन स्तर के मांगों के लिए आवेदकों को सौम्य भाषा में निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराना सुनिश्चित करें। चूंकि 5 मई तक आवेदनों का समाधान किया जाना है अतः इसे सभी विभाग सर्व प्राथमिकता देवें।

### कलेक्टर कुणाल दुदावत को दी गई भावपूर्ण विदाई



समवेत शिखर संवाददाता

**कोंडागांव।** जिले के निवर्तमान कलेक्टर कुणाल दुदावत के दंतेवाड़ा जिले के कलेक्टर के तौर पर स्थानांतरण होने पर सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई समारोह में अधिकारियों ने कुणाल दुदावत के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर दुदावत ने कहा कि कोण्डागांव में अपने 15 माह के कार्यकाल के दौरान उन्हें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का बहुत अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन बहुत अच्छे ढंग से कर रहे हैं और आगे भी इसी तरह टीम भावना के साथ कार्य करते रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान कई कठिन परिस्थितियों में मार्गदर्शन बहुत कारगर रहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ। उनके मार्गदर्शन में जिले में कई नवाचार प्रारंभ किए गए, जो जिलेवासियों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं। एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर ने भी कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में हुए उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों के प्रवेश परीक्षा में 1656 परीक्षार्थी हुए शामिल



समवेत शिखर संवाददाता

**कोंडागांव।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा रविवार को कोंडागांव जिले के 6 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त सुश्री निकिता मरकाम ने बताया कि जिले के कुल 2017 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीयन कराया था। इनमें से कुल 1656 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए और कुल 361 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालय राज्य शासन द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय है, जहां आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए तैयारी कराई जाती है। इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई होती है और छात्रों को निःशुल्क राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कराई जाती है।

## आज का इतिहास

- 1871 - निज़ामत जंग एक अरब-भारतीय कवि थे, जिनका जन्म 22 अप्रैल 1871 को हुआ।
- 1914 - बॉलीवुड फिल्मों और टीवी धारावाहिकों के भारतीय निर्देशक और निर्माता बलदेव राज चोपड़ा का जन्म 22 अप्रैल 1914 को हुआ।
- 1915 - प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सैनिकों ने पहली बार 21 अप्रैल 1915 को जहरीली गैस का प्रयोग किया, जिसके घातक परिणाम हुए।
- 1921- देश की आजादी के लिए सुभाष चंद्र बोस ने 21 अप्रैल 1921 को भारतीय सिविल सेवा से इस्तीफा दिया।
- 1929 - भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री उषा किरण का जन्म 22 अप्रैल 1929 को हुआ।
- 1930 - 22 अप्रैल 1930 को ब्रिटिश सैनिकों ने बंगाल प्रांत, ब्रिटिश भारत के चटगांव के पास जलालाबाद पहाड़ियों में स्वतंत्रता-समर्थक क्रांतिकारियों का मुकाबला किया।

प्रथम पेज का शेष

### नए आपराधिक ...

राज्य में अब तक 53,981 एफ्आईआर नए कानूनों के तहत दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से लगभग 50% मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं।

बैठक में नक्सल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल के महीनों में राज्य में चलाए गए ऑपरेशनों में कई वांछित नक्सली मारे गए, गिरफ्तार हुए या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। नियद नेलानार योजना, बस्तर ओलंपिक, महिला सुरक्षा केंद्र, और आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे व पर्यटन ढांचे का विकास जैसे प्रयासों से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सार्थक प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है और बस्तर को भारत के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा और देशभर में कानूनी सुधार की इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से समन्वय और तत्परता की अपेक्षा जताई और कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक जनोन्मुखी बनाना है। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिरीक्षक सुशील द्विवेदी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव श्री राहुल भगत, प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव, सचिव गृह, श्रीमती नेहा चंपावत सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

### ईडी भाजपा के इलेक्शन ...

'यंग इंडियन' के जरिए केवल 50 लाख रुपए में कर लिया।

इस कंपनी के 76त्न शेयर सोनिया व राहुल के पास हैं। इस मामले में 'अपराध से अर्जित आय' 988 करोड़ रुपए आंकी गई। साथ ही संबद्ध संपत्तियों का बाजार मूल्य पांच हजार करोड़ रुपए बताया गया है। 25 अप्रैल से कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली : अहमदाबाद अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के तहत 25 अप्रैल से 30 अप्रैल तक कांग्रेस %संविधान बचाओ रैलियां% आयोजित करेगी। इसके बाद 3 मई से 10 मई तक जिला स्तर पर भी इसी तरह की रैलियां की जाएंगी। 11 मई से 17 मई तक देशभर के 4,500 विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैलियां आयोजित की जाएंगी। 20 मई से 30 मई तक संविधान बचाने के लिए घर-घर जाकर अभियान चलाया जाएगा।

# बिना अनुमति चर्च निर्माण पर आदिवासी समाज में आक्रोश

### कोंडागांव के बफना गांव में रात में हो रहा निर्माण, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कोंडागांव। कोंडागांव जिले के बफना ग्राम पंचायत में बिना अनुमति चर्च निर्माण को लेकर आदिवासी समाज में आक्रोश है। सरपंच और ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कुछ ईसाई धर्म के लोग रात के अंधेरे में अवैध रूप से चर्च का निर्माण करा रहे हैं। उनका कहना है कि इस गांव में पहले कभी चर्च नहीं था।



**चर्च के अवैध निर्माण से विवाद की आशंका :** बैजू राम, कमलोचन, फूलचंद, लखीराम, समलू राम और गोविंद समेत अन्य ग्रामीणों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि गांव में सभी जाति और समुदाय के लोग शांति से रहते हैं। लेकिन इस तरह के अवैध निर्माण से भविष्य में विवाद हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निर्माण कार्य को तुरंत रोकने की मांग की है। साथ ही जांच कर उचित कार्रवाई करने को कहा है।

### कलेक्टर ने दिया अंतर्जातीय नव दंपतियों को प्रोत्साहन राशि का चैक

**नारायणपुर।** अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना एक ऐसी योजना है, जो अनुसूचित जाति के व्यक्ति और अन्य हिंदू के बीच अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के तहत् योग्य जोड़ों को 2 लाख 50 हजार रूपये की वित्तीय सहायता राशि दी जाती है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित है, जिसमें राज्य और केंद्र सरकार दोनों का 50 प्रतिशत योगदान होता, जिसके तहत् जिले के अंतरजाति विवाह के दो नव दंपतियों को कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा प्रोत्साहन राशि का चेक देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ब्रेहबेड़ा निवासी हरिराम नेताम संगीता नेताम और सुलेंगा निवासी नागेश बेसरा और शोभना बेसरा द्वारा अंतर्जातीय विवाह किए जाने पर सरकार के द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करते हुए 2 लाख 50 हजार रुपए स्वीकृत किया गया है। पूर्व में इन नव दंपतियों को एक लाख रूपये का राशि प्रदाय किया गया था, शेष राशि 1 लाख 50 हजार रुपये का चैक कलेक्टर ममगाईं द्वारा प्रदाय किया गया। कलेक्टर ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर जीवन जीने की बधाई दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग राजेंद्र सिंह एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए समीक्षा बैठकें निर्धारित

**दुर्ग।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार-2025 कार्यक्रम संचालित है। जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना व विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जन-प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में सुशासन तिहार 2025 के तहत पहले चरण (08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक) में समाधान पेटी/ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। उक्त प्राप्त हुए आवेदन पत्रों (शिकायत/मांग) का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाना है। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों/निकायों में प्राप्त आवेदन पत्रों (मांग/शिकायत) के निराकरण की प्रगति की समीक्षा निर्धारित तिथियों एवं स्थानों में प्रातः 10 बजे से की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र तथा नगर पंचायत उतई क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सभागार में की जाएगी।

### थाना उतई की कार्रवाई स्कूटी चोर गिरफ्तार

**भिलाईनगर।** प्रार्थी हेमराज जैन निवासी साई कालोनी उतई ने थाना उतई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.04.2025 को 11.30 बजे अपने एक्टीवा क्र0 सीजी 07 बीके 3278 को अमृत ट्रेडर्स किराना दुकान के पास उतई में खड़ा किया था जिसे दोपहर करीब 03.30 बजे देखने पर मोटर सायकिल एक्टीवा अपने स्थान पर नही था जिसे आसपास पता तलाश किये नही मिला, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 134/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक दुर्ग पुलिस अधीक्षक? जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) अभिषेक झा एवं स्ष्ठह्रक्कपाटन अनुप कुमार लकड़ा के द्वारा चोरी पर अंकुश लगाने के निर्देश पर प्रकरण की विवेचना दौरान चोरी गए मोटर सायकिल एक्टीवा एवं चोर के पता दौरान सूचना मिला कि एक व्यक्ति बाबापारा उतई के पास एक्टीवा रखकर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है, कि सूचना तस्दीक पर टीम रवाना हुआ जहां पर एक व्यक्ति खड़ा एक्टीवा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था, जो पुलिस को भागने के फिराक में था, जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना नाम दीपक ठाकुर पिता स्व0 तेजराम ठाकुर उम्र 22 वर्ष पता- काली मंदिर के पास न्यू खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग का रहने वाला बताया।

# साहू समाज के साथ किसी समाज का प्रतिस्पर्धा नहीं हैं : अरुण साव

### 24 जोड़ा बंधे परिणय सूत्र में

समवेत शिखर संवाददाता




**पाटन।** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा दो दिवसीय तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन अमलेश्वरडीह में रविवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत 1009 दीपों के साथ कृष्ण कर्मा की महाआरती के साथ किया गया।

आशीर्वाद समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा सामूहिक विवाह मे जिसका विवाह सम्पन्न होता हैं उसका दाम्पत्य जीवन सुखमय और सफ्ल होते हैं।क्योंकि पूरा समाज एक साथ आशीर्वाद प्रदान करते हैं.सामूहिक विवाह के 24 जोड़ा समाज के गौरव व प्रेरणादायी हैं। साहू समाज का ताकत समाज के लोगो का मेहनत व ईमानदारी हैं जिसके कारण आज साहू समाज हर क्षेत्र मे आगे बढ़ रहे हैं. चाहे शिक्षा के क्षेत्र मे हो या रोजगार, कृषि, व्यापार व राजनीती के क्षेत्र मेअपनी ईमानदारी व मेहनत से आगे बढ़ रहे हैं. साहू समाज एक ऐसा समाज हैं जिसकी विशेषता हैं की इस समाज के व्यक्ति भूख से तपड़ कर मर जायेगा लेकिन लूट, झपत व चोरी करके खाने वाला नहीं हैं.सूखा खाना खाकर गुजारा कर लेंगे लेकिन दूसरे की थाली की ओर झांकेंगे नहीं।

अपनी मेहनत व ईमानदारी, पसीने की कमाई से खाने वाला जीने वाला यह समाज हैं।दुनिया को पता हैं की साहू समाज के व्यक्ति चोरी कर लूटपाट कर खाने वाला व्यक्ति नहीं हैं अपनी कमाई का खाना वाला हैं इसी कारण कहते हैं की ÷साहू कमाहु नहीं ता काला खाहु÷ साहू समाज के इस विशेषता को पूरी दुनिया को पता हैं.साहू समाज के साथ किसी समाज का प्रतिस्पर्धा नहीं हैं। सामूहिक विवाह मे शामिल बेटा बेटियों को बधाई देते हुए कहा आप सभी का विवाहिक जीवन सुखमय हो आपके माता पिता को भी बधाई व धन्यवाद जो की अपनी बेटियां व बेटों की विवाह सामूहिक विवाह मे विवाह करा रहे हैं। सामूहिक विवाह से परिवार को आर्थिक बोझ जो पड़ता हैं उससे निजाद मिलता हैं साथ साथ समय का भी बचत होता हैं.गरीब परिवार को समाज के द्वारा इस प्रकार प्रेरित कर विवाह कराना प्रसनीय हैं.साहू समाज के द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन आज का नहीं हैं बल्कि यह परम्परा काफी वर्षो से चली आ रही हैं।जिसे आज भी समाज के पदाधिकारी परम्परा का निर्वाहन करते हुवे आयोजन किये हैं। अध्यक्षता कर रहे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सामाजिक चिंतन करते हुए कहा आजकल शादी के पहले प्रीवेडिंग कि कुप्रथा चल रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। शादी ब्याह परंपरा के अनुसार होना चाहिए। आज के दौर में समाज में नया नया वर्ग पैदा हो रहा है कुछ लोग अपने आप को कट्टर कांग्रेसी मानते है तो कुछ लोग कट्टर भाजपा वर्ग के मानते है। ठहरे हुए पानी में गंदगी आता है। सामाजिक संगठनों बहते हुए पानी की तरह हो। समाज हित में अच्छा सोच रखें। सांसद विजय बघेल ने कहा भक्त माता कर्मा ने अपनी जीवन की हर तपस्या, साधना,पूजा, भक्ति को समाज के लिए समर्पित कर दिये। आज साहू समाज संगठित हैं उसके पीछे माँ भक्त माता कर्मा के भक्ति के प्रभाव से शक्ति प्रदान कर आज समाज संगठित हैं। स्वागत भाषण तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने दिया। मंच संचालन खेमलाल साहू ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ गुलाब साहू ने किया।

# मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण एवं बाल संस्कार कार्यशाला का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग के तत्वाधान में आयोजित मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण एवं बाल संस्कार कार्यशाला का आयोजन रविवार 20 अप्रैल को साहू सदन जयंती नगर दुर्ग में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, अध्यक्षता अजय चौधरी संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, विशेष अतिथि के रूप में भीखम साहू, खिलावन मटीयारा पार्षद वार्ड न.16, श्रीमती सविता वर्मा (समाजसेवी) की उपस्थित रही। स्वागत भाषण प्रकोष्ठ के संयोजक अजय कुमार चौधरी द्वारा त्रिआयामी (थ्री डायमेंशन) व्यक्तिव पर चर्चा एवं जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। बाल संस्कार कार्यशाला में 100 से अधिक बच्चो ने इस कार्यशाला का लाभ लिया। इस कार्यशाला में बच्चों को नैतिक मूल्यों, जैसे कि ईमानदारी, दया और सम्मान को बढ़ावा देने एवं बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही बच्चों को सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिक बनाने एवं बच्चों के मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास सबंधी प्रशिक्षण दिया गया।



चंद्रकिरण चौधरी के द्वारा उत्कृष्ट संस्कारवान पीढ़ी निर्माण पर बहुत से उदाहरण देकर गायत्रीमंत्र से संस्कारित किया सुश्री धनेश्वरी ने खेलकूद के, जनउला और एक्टिविटी के माध्यम से क्रिएटिविटी सिखाने का प्रयास किया गया। साथ ही बहुमुखी रोजगार के तहत महिलाओं के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मशरूम उत्पादन की विधि के बारे में बताया गया।

# जिस राज्य में मदिरा सम्मान पाता है युवा पीढ़ी और भविष्य अंधकारमय : विरदी

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** जिस देश में मंदिरा को सम्मान प्राप्त होता है ।उस देश में हाथरस और निर्भया जैसे गैंगरेप अपराध होता है । वहां की युवा पीढ़ी बर्बाद और देश का भविष्य अंधकार में डूब जाता है।इसलिए शराब को अपराध की जननी कहा जाता है। हर प्रकार का नशा न केवल मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है अपितु मानसिक ,पारिवारिक और सामाजिक जीवन भी तहस - नहस कर देता है। कवि बायरन ने कहा है कि - द वाइन इज इन एंड द मास्टर इज आउट -अर्थात शराब के अंदर जाते ही आत्मा नष्ट हो जाती है। पहले मौज मस्ती के लिए नशा करते थे, अब 80% अपराधी अपराध करने के पहले नशा करते हैं, ताकि हिम्मत खुल जाए और और मानवता जागृत ना हो सके।आश्चर्य की बात है मनुष्य को सबसे कमजोर बनाने वाली शराब हिम्मत की मध्य बन गई है। शराब में कोई गुण नहीं है, ना ही समाज के हित में किसी प्रकार की कोई आवश्यकता। अगर आप अधिक धन-धन खर्च कर लाइसेंसी बार होटल में बैठकर शराब पीते हैं तो कोई दोष नहीं, किंतु गरीबी के कारण कहीं भी बैठकर पीते हैं, पीने के लिए स्थान नहीं होता तब आपकी विरुद्ध पुलिस द्वारा मामला बना दिया जाएगा,कोर्ट जाना पड़ेगा और दंड भी होगा।



### रेजिमेंट और बौद्ध समाज के संयुक्त तत्वावधान में 24 अप्रैल को मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

**खैरागढ़।** संविधान निर्माता भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी 24 अप्रैल को भीम रेजिमेंट और बौद्ध समाज मारुटोला खुर्द के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बाईक रैली का आयोजन रखा गया है जो खैरागढ़ के आंबेडकर चौक में स्थित डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, खैरागढ़ नगर भ्रमण कर खैरागढ़ के विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मारुटोला खुर्द पहुंचेगी जहां डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की मूर्ति का लोकार्पण किया जाएगा।

# व्यापमं की परीक्षाओं में दिव्यांगजनों को सह लेखक की सुविधा के संबंध में दिशा निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** उच्चतम न्यायालय व केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्रवेश पात्रता और भर्ती परीक्षाएं जिनका ऑनलाइन आवेदन 01 मार्च 2025 से लिया गया है, उन परीक्षाओं में दिव्यांगजनों को सह-लेखक की सुविधा दिये जाने/अथवा रखे जाने की अनुमति दिये जाने संबंधी विस्तृत निर्देश जारी किये गये हैं।

व्यापम के परीक्षा संचालन निर्देशिका के प्रावधान अनुसार दृष्टिबाधित, दोनों हाथ से दिव्यांग (बीए) एवं सेलिब्रल पाल्सी की श्रेणी के परीक्षार्थियों अथवा अन्य श्रेणी के संदर्भित दिव्यांगजन जिन्हें शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता के कारण लिखने में शारीरिक बाधा कठिनाई हो, उन्हें मांग करने पर सहलेखक की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके लिए इन्हें प्रपत्र 1 (ए) या प्रपत्र 1 (बी) में सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, आबंटित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रपत्र-1 (ए) या प्रपत्र 1 (बी) में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही सहलेखक की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। परीक्षार्थी नियमानुसार स्वयं सहलेखक की व्यवस्था कर सकते है अथवा परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष से सहलेखक उपलब्ध कराने हेतु निवेदन कर सकते हैं। परीक्षार्थी को परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन करते समय, वह स्वयं सहलेखक (ओन स्क्राइब) लायेगा अथवा परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष से सहलेखक (एग्जाम सुप्रीटेनडेंट स्क्राइब) की सुविधा चाहता है, में से किसी एक विकल्प को चुनना होगा।

**0 राजनांदगांव ।** 55वें विश्व पृथ्वी दिवस 2025 की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है। 1971 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव यू थांट ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 22 अप्रैल को दुनिया का पहला पृथ्वी दिवस घोषित किया गया था।


### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला रायपुर तहसील-रायपुर पहनं. 00074 डुमरतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी202425440726000032

// ईश्तहार//

तहसील रायपुर के पहनं. 00074 के अंतर्गत ग्राम डुमरतराई के वर्तमान भूमिस्वामी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल रायपुर पिता/पति पता- के द्वाराधारित भूमि खसरा क्रमांक 189/3 (0.0090) के प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गौरव जयसिंघानी पिता/पति दीपक जयसिंघानी पता-43 महाराणा प्रताप गार्डन के पास श्याम नगर तेलीबांधा, हिशा जयसिंघानी पिता/पति दिलीप जयसिंघानी पता-43महाराणा प्रताप गार्डन के पास श्याम नगर तेलीबांधा के नाम परपंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.05.2025 के समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बीए रायपुर पर की जायेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आम मुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब अतिरिक्त अभनपुर 03 जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार//

ग्राम अमनेर पहनं. 22
रा.प्र.क्र. 202504114000015/ अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डमरु प्रसाद उर्फ खोरबाहरा राम पिता भंगल राम साहू द्वारा ग्राम आमनेर पहनं. 22 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित भूमि ख.नं. 652 रकबा 0.08 हे. राजस्व अभिलेख में अनावेदक धनेश राम पिता भोन्दू राम नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा भूमि स्वामी अनावेदक से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 04.05.2022 को क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण करने किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में इस न्यायालय प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त नामांतरण आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 30.04.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 07.04.2025 को जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार अभनपुर (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार साहू पिता खम्हन निवासी ग्राम कठिया तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा ग्राम कठिया प.ह.नं. 20 तहसील बेरला जिला बेमेतरा में स्थित खसरा नं. 638 रकबा 0.06 हे. भूमि जो कि आवेदक के भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसे आवेदक औद्योगिक (फ्लाई ऐश) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर-दावा हो तो दिनांक 01/05/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5:00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं तथा ग्राम समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला बेमेतरा

### न्यायालय उपतहसील तुमगांव, जिला महासमुंद (छ.ग.)

रा.मा.क्र..........वर्ष 2025-26
ग्राम-तुमगांव, प.ह.नं. 30
तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बंटी कुमार मजुमदार पिता दिलीप कुमार निवासी माना केम्प ब्लॉक नं. 20 रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम तुमागांव प.ह.नं. 30 स्थित भूमि ख.नं. 2249/3 का टुकड़ा रकबा 0.083 हे. 2249/4 रकबा 0.122 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.09.2024 को विक्रेता श्रीमती सुनीता पति नवीन चंद्राकर से क्रय करने के कारण नामांतरण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाईन भूईयां के माध्यम से ई-कोर्ट में दर्ज है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी को व्यक्ति/संस्था को दावा, आपत्ति पेश करना है तो वह दिनांक 24.04.2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार तुमगांव, जिला महासमुंद (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504100900036 ब/121 वर्ष 2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ किया जाता है कि आवेदक रामदास पिता मोहनलाल निवासी ग्राम सांकरा तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 1340 रकबा 0.01 हे. का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक रामदास पिता मोहनलाल निवासी ग्राम सांकरा तहसील पाटन द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 28/04/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **हुकुम साहू पिता यादोराम साहू निवासी जामगांव तहसील बेरला जिला-बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम- जामगांव में स्थित भूमि ख.नं. 13/6 रकबा 0.03 हे.** को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का उत्तर-दावा हो तो **दिनांक 01/05/2025** तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5:00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तथा समय पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज **दिनांक 17/04/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा के सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 02-ए मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला रायपुर तहसील-रायपुर पहनं. 00057 रायपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी202425440722100188

// ईश्तहार//

तहसील रायपुर के पहनं. 00057 के अंतर्गत ग्राम रायपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी कृष्णकुमार शर्मा पिता/पति रामवतार शर्मा पता-साई दरबार के पास रायपुरा रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 706/37 (0.0032) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कीर्तिदेशमुख पिता/पति हितेन्द्र देशमुख पता- भीम नगर सांई मंदिर के पास अमरपुरी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.04.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 02-ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आम मुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. 202503114700158 अ/5 वर्ष 2024-25 ग्राम तर्री पहनं. 24 रा.नि.मं. नवापारा तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक/ / वा-1/ तह./ 2025 नवापारा, दिनांक 28.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कुलदीप अरोरा पिता अमरनाथ अरोरा निवासी ग्राम गोबरा नवापारा के द्वारा ग्राम तर्री पहनं. 14 रा.नि.मं. नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुरछ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 648/9, 652/1, 652/7, 653/1, 655/2 रकबा 0.0599, 0.0112, 0.0139, 0.0336, 0.1139 कुल रकबा 0.2325 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि का रकबा छोटा-छोटा होने एवं खसरा नंबर अलग-अलग होने से सभी खसरा नंबर का सविलियन कराने बाबत आवेदन पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 25.04.2025 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार गोबवा नवापारा

### न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय में मामला

क्रमांक :2025031147000160
विषय:-अ-121 मामले की श्रेणी : राजस्व सन् :- 2024-2025
मोखेतरा (प.ह.नं. 00005)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-अमोलिया जांगडे,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **अमोलिया जांगडे पिता शारदा निवासी ग्राम मोखेतरा प.ह.नं 05 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 719 रकबा 0.013 हे.** भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है आवेदिका उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई **दिनांक 25/04/2025** को नियत गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 01/04/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार गोबरा नवापारा

### // त्रुटि सुधार//

मैं धर्मेन्द्र कुमार देवांगन पिता कुंजलाल देवांगन उम्र 43 वर्ष जाति कोष्टा निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) जो कि मेरे पुत्र तेजस्व देवांगन पिता धर्मेन्द्र कुमार देवांगन है जिसका जन्म 06/03/2010 ग्राम थान खम्हरिया मे हुआ है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र आफलाईन से नगर पंचायत थान खम्हरिया से जारी किया गया है। यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र मे त्रुटिवश पिता का नाम धर्मेन्द्र देवांगन तथा माता का नाम टीकेश्वरी हो गया है जिसे उसी नाम से जाना पहचाना जा रहा है जबकि आधार कार्ड व स्कुली सर्टीफिकेट सहित सभी शासकीय दस्तावेजों में वास्तविक नाम धर्मेन्द्र कुमार देवांगन तथा पत्नी का नाम टीकेश्वरी देवांगन है। उक्त दोनों नाम अलग अलग सा प्रतीत होता है जबकि दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है, मेरा तथा मेरी पत्नी का नाम जन्म प्रमाण पत्र, आधार नं सहित अन्य शासकीय दस्तावेजों में अलग-अलग नाम प्रतीत होने से असुविधाएं हो रही है।

अतएव मेरे पुत्र तेजस्व देवांगन के जन्म प्रमाण पत्र मे पिता नाम धर्मेन्द्र देवांगन तथा माता का नाम टीकेश्वरी के स्थान पर पिता धर्मेन्द्र कुमार देवांगन तथा माता टीकेश्वरी देवांगन के नाम दर्ज करने आवेदन प्रस्तुत कर रहा हूं। अब मेरा नाम धर्मेन्द्र कुमार देवांगन तथा पत्नि का नाम टीकेश्वरी देवांगन नाम से जाना पहचाना जावे तथा सभी शासकीय दस्तावेजों में नया नाम का उपयोग किया जावे।

धर्मेन्द्र कुमार देवांगन
निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर
जिला-बेमेतरा ( छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार तहसील बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बावनलाख को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जगदीश पति प्राण उपस्थित निवासी ग्राम बावनलाख तहसील बेरला के द्वारा ग्राम बावनलाख प.ह.नं. 18 में स्थित भूमि खसरा नंबर 732/5 रकबा 0.0400 हे. कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.0400 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में जगदीश पिता प्राण के नाम दर्ज है, जिसका पूर्व में ऋण पुस्तिका जारी हुआ था। उक्त ऋण पुस्तिका आवेदक के द्वारा कहीं गुम हो चुका है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं बंधक गिरवी नहीं है। पूर्ण रूप में पाक साफ तथा पूर्णतः भारमुक्त है। आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति जारी करने बाबत आवेदन पत्र के साथ बी-1 स्थानीय बैंकों का कर्ज नहीं प्रमाण पत्र पुलिस थाना में ऋण पुस्तिका गुमने की सूचना की कापी एवं शपथपत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 25/04/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 21/04/2025 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बेरला

### न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय में मामला

क्रमांक :202502114700016
विषय:-अ-6-अ मामले की श्रेणी : राजस्व सन् :- 2024-2025
धनौद(प.ह.नं. 00002)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-श्रीमती प्रीति यादव
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **श्रीमती प्रीति यादव पिता नंदू यादव निवासी कोटा कॉलोनी रायपुर द्वारा आवेदन पत्र वास्ते अभिलेख त्रुटि सुधार करने बाबत् आवेदन पेश किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम धनौद प.ह.नं 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 1243/1 का भाग रकबा 1000 वर्गफीट** भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से **दिनांक 08/10/2010 को विक्रेता चन्द्रलाल सिन्हा पिता बुधराम सिन्हा से क्रय किया गया है। जिसका प्रमाणिकरण पश्चात् ख.नं. 1243/3 रकबा 0.01 हे. भूमि के** आवेदिका के नाम पर दर्ज हुआ, जिस पर आवेदक बिना किसी दावा आपत्ति के दाखिल काबिज है। हल्का पटवारी द्वारा भूमि का नामांतरण करते समय नक्शा में कब्जा अनुसार दर्ज नहीं किया गया, बल्कि अन्य भूमि के नक्शे में दर्शा दिया गया, जिसके कारण आवेदिका के स्वामित्व की भूमि में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। आवेदिका उक्त भूमि आवेदिक भूमि को परिवर्तित कराया गया है, जिसका आदेश क्रमांक 39 आदेश **दिनांक 13/01/2011 है।** आवेदिका की भूमि वर्तमान में परिवर्तित भूमि है, जिसके आधार पर कब्जा एवं विक्रय पत्र में दर्शायी गई भूमि के अनुसार नक्शा में सुधार करने एवं कृषि मद से परिवर्तित मद में सुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई **दिनांक 07/05/2025** को नियत गई है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 24/02/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार गोबरा नवापारा

### न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय में मामला

क्रमांक :202502114700017
विषय:-अ-6-अ मामले की श्रेणी : राजस्व सन् :- 2024-2025
धनौद(प.ह.नं. 00002)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-श्रीमती गीता जेकब,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **श्रीमती जेकब पति जेकब जार्ज निवासी पीयुष कॉलोनी अमलीडीह रायपुर द्वारा आवेदन पत्र वास्ते अभिलेख त्रुटि सुधार करने बाबत् आवेदन पेश किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम धनौद प.ह.नं 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 1244 का भाग , प्लाट नं. 08, रकबा 2000 वर्गफीट** भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से **दिनांक 20/10/2010 को विक्रेता चन्द्रलाल सिन्हा पिता बुधराम सिन्हा से क्रय किया गया है। जिसका प्रमाणिकरण पश्चात् ख.नं. 1244/4 रकबा 0.02 हे. भूमि के** आवेदिका के नाम पर दर्ज हुआ, जिस पर आवेदक बिना किसी दावा आपत्ति के दाखिल काबिज है। हल्का पटवारी द्वारा भूमि का नामांतरण करते समय नक्शा में कब्जा अनुसार दर्ज नहीं किया गया, बल्कि अन्य भूमि के नक्शे में दर्शा दिया गया, जिसके कारण आवेदिका के स्वामित्व की भूमि में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। आवेदिका उक्त भूमि को परिवर्तित कराया गया है, जिसका आदेश क्रमांक 41 आदेश **दिनांक 13/01/2011 है।** आवेदिका उक्त वर्तमान में परिवर्तित भूमि है, जिसके आधार पर कब्जा एवं विक्रय पत्र में दर्शायी गई भूमि के अनुसार नक्शा में सुधार करने एवं कृषि मद से परिवर्तित मद में सुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई **दिनांक 07/05/2025** को नियत गई है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 24/02/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार गोबरा नवापारा

### न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा के न्यायालय में मामला

क्रमांक :202502114700015
विषय:-अ-6-अ मामले की श्रेणी : राजस्व सन् :- 2024-2025
धनौद(प.ह.नं. 00002)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-श्रीमती रीना यादव,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **श्रीमती रीना यादव पति श्री कैलाश यादव निवासीकोटा कॉलोनी रायपुर द्वारा आवेदन पत्र वास्ते अभिलेख त्रुटि सुधार करने बाबत् आवेदन पेश किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम धनौद प.ह.नं 02 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 1243/1 का भाग रकबा 4000 वर्गफीट** भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से **दिनांक 08/11/2010 को विक्रेता चन्द्रलाल सिन्हा पिता बुधराम सिन्हा से क्रय किया गया है। जिसका प्रमाणिकरण पश्चात् ख.नं. 1243/2 रकबा 0.04 हे. भूमि के** आवेदिका के नाम पर दर्ज हुआ, जिस पर आवेदक बिना किसी दावा आपत्ति के दाखिल काबिज है। हल्का पटवारी द्वारा भूमि का नामांतरण करते समय नक्शा में कब्जा अनुसार दर्ज नहीं किया गया, बल्कि अन्य भूमि के नक्शे में दर्शा दिया गया, जिसके कारण आवेदिका के स्वामित्व की भूमि में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। आवेदिका उक्त भूमि को परिवर्तित कराया गया है, जिसका आदेश क्रमांक 36 आदेश **दिनांक 10/01/2011 है।** आवेदिका उक्त भूमि वर्तमान में परिवर्तित भूमि है, जिसके आधार पर कब्जा एवं विक्रय पत्र में दर्शायी गई भूमि के अनुसार नक्शा में सुधार करने एवं कृषि मद से परिवर्तित मद में सुधार किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई **दिनांक 07/05/2025** को नियत गई है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 24/02/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार गोबरा नवापारा

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता मो. इस्माईल पिता हाजी मो. इलिहास निवासी-मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के हक, हित, आधिपत्य एवं स्वामित्व की भऊमि वाके मौजा ग्राम नायकबांधा, प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 1824/13 रकबा 0.0100 हे. अर्थात 1250 वर्गफीट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि प्रदान कर दिया है। केवल वर्णित भूमि का पंजीयन कार्य कराना ही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन, साहूकार आदि को उक्त भूमि पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाश दिनांक से 07 दिनों के अंदर मेरे नीचे लिखे अनुसार पते पर मय दस्तावेज उपस्थित होवें, अन्यथा बाद बीतने म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। बाद म्याद की गई उजर, दावा या आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना ताकीद जाने।

**स्थान-अभनपुर**
**दिनांक- 19/04/2025**

प्रमोद मिश्रा
(अधिवक्ता/नोटरी अभनपुर)
तहसील कार्यालय परिसर अभनपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9755825008

## आम सूचना

**दिनांक : 21.04.2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार श्री जय तेजवानी आ. प्रहलाद तेजवानी, निवासी गली नं. 3, रविग्राम, तेलीबांधा, रायपुर, छ.ग. न एक संपत्ति, जिसका खसरा 324/15 का भाग, रकबा 839 वर्गफिट जो कि गीतांजली नगर, तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, रा. नि.म. रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, को श्री नारायण प्रसाद गुप्ता आ. जयराम प्रसाद से कय करने का इकरारनामा दिनांक 03.12.2024 को कर लिया है और उक्त संपत्ति को महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखकर लोन लेना चाहता है। आगे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को उपरोवर्णित संपत्ति को महिन्दा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखकर लोन लेने में कोई दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि में आपत्ति नहीं होने पर मेरा पक्षकार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा।

अस्तु सूचना जानें।

अश्विनी सिंह
(अधिवक्ता) वास्ते अश्विनी सिंह एण्ड एसोसिएट्स
ए-207, ऑरेंज हाईव, मोवा, रायपुर (छ.ग)

## न्यूज ब्रीफ

### आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री की भागवत कथा आज से

**महासमुंद।** स्थानीय खैराबाड़ा में 22 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन किया गया है।



जिसमें आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री सिलियारी धाम द्वारा भक्तों को कथा श्रवण कराया जाएगा। कथा के प्रथम दिवस 22 अप्रैल को श्री गणेश पूजा एवं पित्रेश्वर पूजन, कलश यात्रा, श्रीमद भागवत जी स्थापना एवं महात्म्य गोकर्ण उपाध्यान, 23 को श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ परीक्षित जन्म कथा, 24 को कपिल मुनिदेव कथा, रवि संवाद, ध्रुव चरित्र एवं जड़भरत कथा, 25 को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन एवं वामन अवतार कथा, 26 को श्रीकृष्ण जन्म, नंदोत्सव, कृष्ण अवतरण प्रसंग कथा, 27 को प्रभु श्रीकृष्ण लीला, गोवर्धन लीला, छप्पन भोग समर्पण, 28 को बैकुण्ठ दर्शन, कंश वध, रूखमणी विवाह, रामपंध्यायी, 29 को द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र, कृष्ण.उद्धव संवाद, श्रीमद भागवत समापन, फूलों की होली खेली जाएगी।

### 25 हजार रुपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन मोटर यान दुर्घटना से हुई मृत्यु पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। इनमें सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पतेरापाली निवासी रामलाल यादव की मृत्यु एनएच 53 कुटेला से घंटेश्वरी मंदिर जाने के रास्ते में मोटरयान दुर्घटना से हुई थी। जिस पर मृतक के निकटतम वारिसान उनकी माता श्रीमती सोहद्रा को 25 हजार रुपए की राशि प्रतिकर के रूप में स्वीकृत की गई है।

### 12 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 03 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

## निधन

### रोशन चंद्राकर



**महासमुंद।** स्थानीय कौशिक कालोनी निवासी रोशन चंद्राकर 70 वर्ष का 21 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे केवल चंद्राकर के पिता, विजय ज्वेलर्स, रूचि, ज्वेलर्स, चंदूलाल ज्वेलर्स के संचालक विजय चंद्राकर के बड़े भाई थे।

### समारिन बाई तेलक

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह निवासी श्रीमती समारिन बाई तेलक 84 वर्ष का 21 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम साराडीह में किया गया। वे नंदलाल, नगर पालिका में पदस्थ लिपिक सीताराम तेलक, गोकूल तेलक, नाथूराम तेलक की मां थी।

# हिन्दू संगठनों ने हिंसा के विरोध में ममता सरकार का किया पुतला दहन, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** वक्फकानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है,हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है,राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को निर्बाध रूप से अपने षडयंत्रों को क्रियान्वित करने की खुली छूट दी जा रही है,उससे स्पष्ट लगता है कि बंगाल की स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है।

मुर्शिदाबाद से प्रारम्भ हुई यह भीषण हिंसा अब संपूर्ण बंगाल में फैलती हुई दिखाई दे रही है। शासकीय तंत्र दंगाइयों के सामने केवल निष्क्रिय ही नहीं अपितु कई स्थानों पर इनका सहायक या प्रेरक बन गया है। इससे पहले कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाए,केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण व संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्र विरोधी व हिंदू विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों के लिए कठोरता सजा दिलवानी चाहिए। मुस्लिम भीड़ द्वारा 11 अप्रैल को वक्फकानून के विरोध के नाम पर किया गया हिंसक प्रदर्शन कानून बनाने वाली सरकार के विरोध में नहीं अपितु हिंदुओं पर हिंसक आक्रमण के रूप में था जबकि हिंदू समाज का इस कानून के निर्माण में कोई भूमिका नहीं थी और यह एक शुद्ध संवैधानिक प्रक्रिया थी। इसका स्पष्ट अर्थ है कि वक्फ तो केवल बहाना थाए





असली उद्देश्य मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य बनाना था। आज यह हिंसा मुर्शिदाबाद से निकलकर संपूर्ण बंगाल में फैलती जा रही है। अब यह बंगाल तक भी सीमित नहीं रहेगी। इसलिए देश की जनता मांग करती है बंगाल में अविलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए । पुतला दहन एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौपने के दौरान प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शौरभ अग्रवाल,विभाग मंत्री अखिलेश लूनिया,जिला मंत्री बसंत देवता, मातृ शक्ति जिला सयोजिक श्रीमती अनीता चौधरी, जिला अध्यक्ष भाजपा येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, राहुल चन्द्राकर, आनंद साह,हनीश बग्गा,पार्षद भाऊ राम साहू, मुन्ना साहू,भरत चन्द्राकर,देवेन्द्र दुबे, हुकुम चंद शार्मा, रितेश गोलछा, अग्रज शर्मा एवं विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सर्व हिन्दु समाज के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, दो वाहन जब्त

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक ग्राम पंचायत खमतराई, महानदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज विभाग की टीम ने एक हाईवा जिसे सूरज भारती निवासी बघतरा मंदिर हसौद चला रहा था, को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं एक चैन माउंटेन मशीन जिसका चालक अज्ञात है, को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जप्त किया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध



अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन हुआ

समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज उप क्षेत्र घुचापाली बागबाहरा का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन रविवार को चन्द्रनाहू कुर्मी भवन सुनसुनिया बागबाहरा में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्रीमती अलका नरेश चन्द्राकर अध्यक्षता हरि चन्द्राकर ने किया।



अधिवेशन पूर्व श्रीरामचंद्र जी के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमति अलका नरेश चंद्राकर के द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम में समाज के 5 लाख के निर्माण कार्य का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि कर कमलों के द्वारा किया गया। मंच संचालन उप क्षेत्र घुचापाली के सचिव बालेश्वर चन्द्राकर ने किया। उक्त अधिवेशन में विभिन्न सामाजिक प्रकरणों का निराकरण, सामाजिक आय -व्यय तथा शिक्षण हेतु सामाजिक संस्थान की शिक्षण की शाखा बागबाहरा में सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जोर दिया गया इस कार्यक्रम में अंचल के सामाजिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जिसमे अभिषेक चन्द्राकर, नेहा चन्द्राकर, विवेक चन्द्राकर, अंशिका चन्द्राकर, प्रकाश चन्द्राकर, हिना चन्द्राकर, जलज चन्द्राकर, आभा चन्द्राकर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया । इस अवसर पर भैय्या राम चन्द्राकर बालेश्वर चन्द्राकर, बंशी चन्द्राकर, रमेश चन्द्राकर, भीमसेन चन्द्राकर, अवध चन्द्राकर, नरेश चन्द्राकर, पुष्पेंद्र चन्द्राकर, इंद्रजीत चन्द्राकर, लोकेश्वर चन्द्राकर आदि सामाजिक पदाधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम सेजेस तुमगांव में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में छात्रए पालक एवं शिक्षकों की उपस्थिति में संस्था के प्राचार्य श्री कुरील सर के द्वारा स्थानीय कक्षाओं की परीक्षा परिणाम की घोषणा 21 अप्रैल को की गई। परीक्षा परिणाम अंग्रेजी माध्यम कक्षा 1 से 4 एवं 6 से 7 तक सभी उत्तीर्ण रहे।



कक्षा 1 में प्रथम अदिति अग्रवाल 91.33 प्रतिशत,कक्षा 2 में प्रथम दृश्य जांगड़े 94 प्रतिशत कक्षा 3 में धनंजय साहू 95.5 प्रतिशत,कक्षा 4 में प्रथम प्रवीण कुमार ध्रुव 98 प्रतिशत,कक्षा 6 अजय साहू 97.3 प्रतिशत, कक्षा 7 में प्रथम झरोखा साहू 96.6 प्रतिशत,। कक्षा 9 का परीक्षा परिणाम 92.66 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम रमन ध्रुव ने प्राप्त किया तथा 11 वी का परीक्षा परिणाम 86.6 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम स्थान मयंक चौधरी ने प्राप्त किया। उसी प्रकार हिंदी माध्यम के कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 71.7 रहा जिसमें प्रथम स्थान देवकी ने प्राप्त किया एवं कक्षा 11 कला संकाय से पायल धीवर ने 69.2 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया, विज्ञान संकाय से चेतन साहू ने 79.4 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया, वाणिज्य संकाय से तुलसी साहू ने 70.8 प्रतिशत से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य कुरील सर एवं दोनों माध्यमों के सभी शिक्षक आई एल साहू, पवन डडसेना, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास , सागर झा, सत्यम पांडेय, श्रीमति हेमलता साहू, श्रीमति ज्योति सिंह, श्रीमति कुसुम कुजूर, श्रीमति सविता ध्रुव, श्रीमति अंकिता ठाकरे, सजल चंद्राकर, तरूण सिन्हा, एल एन साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, श्रीमति मधुरिमा शर्मा, श्रीमति बरखा शर्मा, श्रीमति रेणुका साहू,सुश्री वेनिका लकड़ा, सुश्री भारती भार्गव, सुश्री सोनाली साहू, सुश्री मोनिका यादव, सुश्री प्रगति साहू, सुश्री लिली मजखंड, सुश्री नलिनी ध्रुव सहित अभिभावक छात्र उपस्थित रहे।

# दिव्यांग तुलाराम को मिली ट्रायसिकल

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** छग शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस तिहार के माध्यम से न केवल आम जनता की समस्याओं का समाधान हो रहा है, बल्कि शासन की योजनाओं का लाभ भी वास्तविक हितग्राहियों तक पहुँच रहा है। जनपद पंचायत बसना के ग्राम पंचायत जोगीपाली के ग्राम सराईपाली भुलका निवासी तुलाराम पिता सुकराम जो कि अस्थि बाधित दिव्यांग हैं। उन्होंने ट्रायसायकल की मांग करते हुए आवेदन क्रमांक 25144577500018 प्रस्तुत किया था। इस आवेदन पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेश एवं उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए तुलाराम को 21 अप्रैल को जनपद पंचायत परिसर बसना में ट्रायसायकल प्रदान किया गया। ट्राई साइकिल मिलने से



तुलाराम अब अपनी दैनिक गतिविधियां आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान के सरकारसाथ कर सकेंगे।

उन्होंने इस पहल के लिए राज्य और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह ट्राई साइकिल मेरे लिए एक नई जिंदगी की शुरुआत है। अब मैं अपने कार्य खुद कर सकूंगा। यह मेरे आत्मसम्मान की प्रतीक है।

# किसानों की आय में वृद्धि तथा मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने कलेक्टर ने ली बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने महासमुंद जिले में मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग, किसान उत्पादक संघ, किसानों और संबंधित विभागों की बैठक ली।



उन्होंने जिले में मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से जिले में कार्यरत 10 किसान उत्पादक संघ ;एफपीओ को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना तथा उन्हें उचित बाजार व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इसमें किसान उत्पादक संघों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, किसान उत्पादक संघ के प्रतिनिधि, बैंकर्स एवं किसान शामिल हुए। जिला पंचायत के सभाकक्ष में हुई बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि परम्परागत धान के फसलों के स्थान पर रागी, कोदो, कुटकी जैसे मिलेट्स और दलहन, तिलहन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। श्री लंगेह ने कहा कि धान के रकबा को कम करते हुए कम लागत, ज्यादा उपज और ज्यादा आय के सिद्धांत को लेकर कार्ययोजना बनाया जाएगा। इसमें अंचल में कार्यरत किसान उत्पादक संघों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादक संघ किसानों के साथ बैठकर उन्हें धान के अलावा अन्य नकदी फसलों के फायदों के संबंध में बताएं और उन्हें जागरूक करें। कलेक्टर ने कहा कि हम किसानों को उचित मूल्य और सही बाजार भी उपलब्ध कराएंगे। महासमुंद जिले में मिलेट्स कैफे के तर्ज पर रेस्टोरेंट भी खोला जाएगा। यहां मिलेट्स से बने उत्पादों का विक्रय भी किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इसमें मिलेट्स से बने विभिन्न तरह के उत्पाद और व्यंजन खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। कलेक्टर ने कहा कि यहां उत्पादन की संभावनाओं और किसानों की रुचि को ध्यान में रखते हुए मिलेट्स प्रोसेसिंग प्लांट भी लगाया जा सकता है। कलेक्टर ने इस कार्ययोजना को आगामी 6 माह में क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी किसानों से अपील किया है कि वे मिलेट्स की खेती को अपनाएं और लाभ कमाएं। कृषि उप संचालक एफआर कश्यप ने बताया कि जिले में लगभग 1100 किसान वर्तमान में मिलेट्स रागी की खेती कर रहे हैं।

# कुशासन के खिलाफ मुख्यमंत्री आवास घेराव में शामिल हुए अंकित



समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था, बढ़ते बलात्कार,बच्चियों का शोषण और हत्या,आदिवासियों की हत्या,चोरी,डकैती,ऑनलाइन सट्टा, रेत का अवैध उत्खनन,शराब की अवैध बिक्री आदि मामलों को लेकर आज पुराने प्रदेश कार्यालय के सामने से भाजपा मुख्यमंत्री निवास घेराव का कार्यक्रम रखा गया था । इस कार्यक्रम में अंकित बागबाहरा ,विष्णु महानंद,रवि निषाद, सेत राम बघेल,योगेश्वर साहू,मुनेश्वर साहू,आरिफ खान,इंद्र चौहान,मुकेश ठाकुर,पोखन,हर्ष चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए।

# नपा उपाध्यक्ष राठी ने ली पीएम आवास की जानकारी, प्रभारी को दिए आवश्यक निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नगर पालिका के आवास प्रभारी लोकरजंन साहू से प्रधांनमंत्री आवास योजना के आवेदनो की जानकारी ली गई ।

श्री राठी ने बताया कि प्रभारी द्वारा जानकारी दी गई 253 आवेदन प्राप्त हुये है। जिनका आनलाईन किया जा चुका है इसमें आाबदी भूमि का 42, संयुक्त स्वामी की 76 अवैद्ध प्लाटिगं के 5, 2500 वर्ग फिट से अधिक भूमि के 3 और एकल भू स्वामी के 127 आवेदन प्राप्त हुये। छ.ग. सरकार द्वारा सही आवेदनों को अनुमोदन के लिए नगर पालिका से मांगा गया है। बेउब की बैठक रायपुर 15 मई के लगभग होनी है उस बैठक में शीघ्र ही अनुमोदन के बाद अनुज्ञा सहित हितग्रहियों के आवास निर्माण की अनुमति व प्रथम किशत की राशि जारी की जावेगी । श्री राठी ने बताया कि राशि 226000 के जगह 250000 चार किश्तों में दिया जावेगां उसके बाद मकान निर्माण उपरान्त गृह प्रवेश पर छ.ग. सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के द्वारा मुख्यमत्री गृह प्रवेश योजना के तहत 32850रू. की राशि दी जावेगी कुल मिलाकर 282850रू. प्रत्येक हितग्राहियों को प्राप्त होगा। पहले की तुलना में 56000रू. राशि अतिरिक्त दी जावेगी ।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित भजपा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उपाध्यक्ष राठी ने शहर के सभी भु स्वामी हक के हितग्राहियों से अपील करते हुये कहा कि शीघ्र अपना आवास संबंधित दस्तावेज नगर पालिका के आवास शाखा में जमा करे जिससे आप हितग्राहियों का आवेदन शासन तक भेजकर आवास बनाने में नगर पालिका सफल हो पायेगी। आवेदन करने में काई परेशानी होने पर अपने पार्षद से सम्पर्क कर सकते हैं । आवेदन करने वाले हितग्राही के पास कम से कम 250 वर्ग फीट की जमीन होनी चाहिए। आवास प्रभारी को निर्देशित किया गया कि जब तक आवेदन रायपुर नही भेजे जाते है तब तक सभी का आवेदन लेकर जांच उपरान्त शासन को भेजा जाये उन्होने हितग्राहीयों से भी अपील करते हुये कहा की शासन द्वारा जारी राशि आपके खाते में सीधे आयेगी कहीं पर किसी प्रकार के पैसे देने की जरूरत नही हैं।



# जामा मस्जिद के सदर ने किया हज यात्रियों का इस्तकबाल



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** आगामी 23 मई को हज की मुबारक यात्रा में जाने वाले हाजी जनाब कलाम भाई का हुआ इस्तकबाल। इस वर्ष हज यात्रा में महासमुंद नगर से जनाब कलाम भाई और उनकी अहिल्या 23 मई को हज यात्रा के लिए रवाना होंगे। इस मुबारक मौके पर जामा मस्जिद के कार्यवाहक सदर जनाब हाजी जमील चौहान राजू भाई के निवास में इस्तकबालिया प्रोग्राम रखा गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने जनाब कलाम साहब का फूलों के हार से इस्तकबाल किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हाजी लतीफचौहान, हाजी जमील चौहान राजू भाई, हाजी अशरफधनवानी, शब्बीर चौहान, सुल्तान अहमद बागड़ी, जाकिर रजा साहब नयापारा, रसीद चौहान, शेर मोहम्मद, नासिर खान, पार्षद हाफिज कुरैशी, तबरेज खान, शहीद खान, कलीम कुरैशी, साजिद कुरैशी, तहिसिन अली, रहमान भाई, सुलेमान खान, नईम खान, इम्मू भाई, फिरोज खान, बाबा भाई फल वाले, अनवर हुसैन, पूर्व एल्डरमैन जावेद चौहान आदि उपस्थित थे।

# आवास प्लस प्लस 2.0 सर्वे निर्धारित तिथि तक पूर्ण कर लें : कलेक्टर

### कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली सुशासन तिहार की समीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुशासन तिहार और आवास प्लस प्लस 2.0 सर्वे की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी जनपद सीईओ से इस अभियान की प्रगति का जायजा लिया। समाधान शिविरों के आयोजन की समीक्षा की गई, जिससे आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी जा सके।

सुशासन तिहार के दौरान जिले में लगभग एक लाख 80 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने कहा कि अन्य विभागों से प्राप्त आवेदनों को मूल विभाग में स्थानांतरित करें तथा शेष सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि अब केवल 9 दिन ही शेष है। इन दिनों में आवेदनों का निराकरण किया जाए। मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत आवास प्लस प्लस 2.0 सर्वे को प्राथमिकता देते हुए पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ देने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सर्वेक्षण किया जा रहा है, उनके साथ जनपद के अधिकारी एवं आवास मित्र भी शामिल रहें। अंतिम तिथि तक सभी पंचायतों में सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया जाए। इसके अलावा कलेक्टर श्री लंगेह ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वे राष्ट्रीय पंचायत दिवस 24 अप्रैल के अवसर पर जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों की स्थापना की तैयारी कर लेवें तथा उसमें दी जाने वाली सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

कलेक्टर ने कहा कि पंचायतों में रोजगार मुहैय्या कराने के लिए और प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण में ज्यादा श्रमिकों की संख्या बढ़ाएं। कलेक्टर ने कहा कि श्रम आधारित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नए कार्य स्वीकृत करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित कृषि, पशुपालन विभाग के अधिकारी, बैंक मैनेजर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी जनपद सीईओ वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

## न्यूज ब्रीफ

### 6वीं व 7वीं वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में कक्षा छठवीं और सातवी के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष कक्षा छठवीं में तारणी देवांगन ने 89 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शीतल यादव 87 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह कक्षा सातवी में किंजल देवांगन 92 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही, और सुरभि देवांगन ने 88 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद सदस्य सुरेश कुमार साहू ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए आगे और मेहनत करने का संकल्प दिलाया। पार्षद लीला देवांगन ने बच्चों को शुभकामनाएं दिया। प्रधान पाठक सुशीला वर्मा ने बच्चों से गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए नयी नयी चीजें सीखते रहने के लिए कहा। कार्यक्रम में शाला के शिक्षक जे पाध्याय, रमेश वर्मा,सी एस साहू, प्रीति वर्मा, डीएन शर्मा,एवं छात्रगण उपस्थित थे।

### जिला अध्यक्ष ने बैठक ली






**छुरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल खड़मा का प्रथम सक्रिय कार्यकर्ताओं का बैठक सिन्हा भवन खड़मा में रखा गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर पूर्व विधायक सम्माननीय संतोष उपाध्याय पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री प्रीतम सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को संबोधन किया तथा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय द्वारा नव मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा का स्वागत कर आगे मंडल संचालन करने हेतु बधाई दिया जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलुराम यदु जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर महामंत्री प्रकाश सिन्हा तथा भारतीय जनता पार्टी समस्त जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# सुशासन तिहार के आवेदनों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

### कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक ली।उन्होंने बैठक में सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री एवं मूल आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करने के संबंध में जानकारी ली।कलेक्टर ने सभी आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करते हुए संबंधित विभागों को तय समय में आवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए।उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।कलेक्टर ने एसडीएम एवं जनपद पंचायत के सीईओ को गंभीरता पूर्वक मॉनिटरिंग करते हुए आवेदनों के छंटनी एवं ऑनलाइन एंट्री तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार प्राप्त आवेदनों की संख्या एवं प्रकृति को देखते हुए आवेदनों के निराकरण के लिए जिला अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी दिये। उन्होंने प्राप्त आवेदनों को रणनीति बनाकर तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री उईके ने बैठक में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत 5 मई से होने वाले समाधान शिविरों की तैयारी के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की। उन्होंने कलस्टर स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों की अच्छे से तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए ग्राम पंचायत सचिवों एवं सरपंचों की बैठक लेकर आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी जाये।उन्होंने शिविर स्थल की साफ सफाई,पार्किंग,मंच,आमजनों की बैठक व्यवस्था सहित पेयजल आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने आवश्यक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। शिविर आयोजित होने वाले क्लस्टरों के गांवों में जरूरी प्रचार प्रसार एवं मुनादी भी करने के निर्देश दिए। जिससे क्लस्टर में शामिल गांवों के सभी ग्रामीणों को समाधान शिविर स्थल एवं तिथि की जानकारी मिल सके।

# हटिया दुर्ग तथा टाटानगर ईतवारी एक्सप्रेस रद्द होने से यात्री होंगे हलाकान

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा विभिन्न रेल मार्गो मे तकनीकी कार्य कराये जाने के फलस्वरूप एक बार फिर अनेक यात्री ट्रेनो को रदद किया गया है। रेल्वे सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन क्रमांक 08185 हटिया से चलकर दुर्ग रेल्वे जंक्शन तक आने वाली हटिया दुर्ग स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन आगामी 24 अप्रेल दिन गुरूवार को रद्द रहेगी इसी तरह 25 अप्रेल दिन शुक्रवार को दुर्ग से चलने वाली ट्रेन क्रमांक 08186 दुर्ग हटिया स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन निरस्त किया गया है।

उक्त ट्रेन दोनो दिशाओ मे क्रमशः 24 व 25 अप्रेल को रद्द रहेगी। जिसके कारण रेल यात्रियो को एक बार फि र परेशानियो से जूझना पडेगा इसी तरह आगामी 25 अप्रेल दिन शुक्रवार तथा 26 अप्रेल दिन शनिवार को ट्रेन क्रमांक 18109/18110 टाटा नगर से चलकर ईतवारी एक्सप्रेस ट्रेन को रदद कर दिया गया है जिससे टाटा नगर रेल्वे स्टेशन से लेकर ईतवारी रेल्वे स्टेशन तक के सैकड़ो रेल यात्रियो को भारी परेशानियो से जूझना पडेगा क्योकि टाटा ईतवारी एक्सप्रेस ट्रेन मे बडी तादाद मे लोग नागपुर व विपरित दिशा मे झारसुगुडा एवं टाटा नगर की ओर जाने के लिये यात्रा करते है और ऐन शादी विवाह के वक्त महत्वपूर्ण यात्री ट्रेन को रदद किये जाने से लोगो मे भारी आक्रोश व्याप्त है।

# लरिया केंवट समाज के सम्मेलन में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** तरेंगाराज लरिया केवट निषाद समाज का अधिवेशन गत दिनो सिंगारपुर मे संपन्न हुआ। जिसमे दो जोड़ों का आदर्श विवाह कराया गया कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा उपस्थित थे।

उन्होंने अपने उद्बोधन में महाधिवेशन में आये समस्त केंवट समाज के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाये देते हुये कहा कि भगवान श्रीराम के परम सखा गुहा निषाद राज को निषाद समाज अपना आर्दश मानते हैं, समाज में अधिक से अधिक आर्दश विवाह को प्रोत्साहित करने के लिये उन्होने आव्हान किया साथ ही समाज के छोटे बच्चों को शिक्षित करने की दिशा मे आगे आकर लरिया केंवट समाज को शिक्षित बनाने पर उन्होने जोर दिया। केंवट समाज के प्रमुख लोगो की मांग पर शर्मा ने सर्व सुविधायुक्त छात्रावास बनवाने की स्वीकृति जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया। उन्होने समाज के लोगो से विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिये आगे आने कहा। उक्त अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. नारायण प्रसाद निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के विकास के लिये अपने पैतृक व्यवसाय को बढ़ावे, शिक्षा को महत्व देवे, और राजनीति के क्षेत्र में भी अधिक से अधिक भागीदारी निभावें। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी गण चारों राज के पदाधिकारी गण तरेंगाराज, लवनराज, खल्लारीराज, सोमनाथ राज के अलावा लोकनाथ निषाद, रघुनाथ निषाद, रामायण, राजकुमार, अजीत निषाद, सुधेराम, विजय, हीरा सिंह, रामलाल, चोवाराम, शिव कुमार, खोमकरन, खेदन, कलाराम, श्यामलाल, मन्नू लाल, खिलेश्वरी, रमा, डिगेश्वरी, दीपक, रामप्रसाद, श्रीराम, बद्रिका, रमेश, प्रेम, देव, शैलेंद्र, ब्रजेश निषाद एवं बडी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# छुरा की दलित महिला ने खून से लिखा महामहिम राष्ट्रपति को पत्र!

### क्या अब तंत्र जागेगा या न्याय का सपना हमेशा के लिए टूट जाएगा?

समवेत शिखर संवाददाता



**छुरा।** 70 वर्षीय दलित महिला ओमबाई बघेल ने जब न्याय के हर दरवाजे खटखटाकर भी सुनवाई नहीं पाई, तब उन्होंने जो किया, वह छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश के लोकतंत्र को एक गहन आत्ममंथन के लिए विवश कर देने वाला कदम है।

उन्होंने अपने खून से भारत के महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखा है,जिसमें उन्होंने अपने पूर्वजों की समाधि (मठ) को बलपूर्वक तोड़े जाने, परिवारजनों के साथ अपमानजनक व्यवहार, और न्याय न मिलने की पीड़ा को व्यक्त किया है।

**जब कोई नहीं सुनता, तब खून गवाही देता है : ओमबाई बघेल**-टीबी जैसी गंभीर बीमारी से जूझती ओमबाई बघेल ने बताया कि उन्होंने गरियाबंद कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी तक कई बार आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। बावजूद इसके, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनकी पीड़ा में न केवल व्यक्तिगत अपमान की वेदना है, बल्कि यह उस दलित समाज के आत्म-सम्मान की भी गूंज है, जो आज भी सामाजिक अन्याय के विरुद्ध अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है।

यह सिर्फ़ एक शिकायत नहीं, संविधान के प्रति एक पीड़ित नागरिक की आस्था की अंतिम पुकार है। ओमबाई बघेल ने न तो कानून की मर्यादा को तोड़ा, न ही उग्रता का सहारा लिया उन्होंने उस सबसे पवित्र अस्त्र को उठाया, जिसे सदियों से शोषित वर्ग ने न्याय की अंतिम आशा समझा : संविधान और उसकी सर्वोच्च संस्थाओं पर विश्वास। प्रशासन और शासन से अब केवल जवाब नहीं, जिम्मेदारी की अपेक्षा है दलितों की धार्मिक आस्था को रौंदने की घटनाओं पर त्वरित संज्ञान क्यों नहीं लिया गया? महिलाओं और बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार पर कोई दंडात्मक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? जब एक वृद्ध दलित महिला खून से पत्र लिखने को विवश हो जाती है, तो क्या यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गहरा प्रश्नचिन्ह नहीं है?

**अब समय है - संवैधानिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का**-यह घटना एक चेतावनी है कि यदि संवेदनशीलता और न्यायप्रियता का स्थान उपेक्षा ले लेती है, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर पड़ जाती है। ओमबाई बघेल का खून से लिखा पत्र सिर्फ़ एक महिला की चीख नहीं यह उस व्यवस्था के प्रति आखिरी विश्वास की पुकार है, जिसे अब जवाब देना ही होगा।

# जिले के नवनियुक्त कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।**गरियाबंद जिले के नवनियुक्त कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने आज यहाँ जिला कार्यालय में निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल से कार्यभार लेकर अपना पदभार ग्रहण किया।इस दौरान निवर्तमान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नवनियुक्त कलेक्टर श्री उईके को पुष्प गुच्छ भेंटकर नए दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।उल्लेखनीय है कि 2016 बैच के आईएएस श्री उईके गरियाबंद जिले के 13वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये हैं।

पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर श्री उईके का स्वागत किया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से परिचयात्मक चर्चा की।साथ ही जिले में चल रहे कार्यो की सामान्य जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री उईके ने जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत व बेहतर क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित किया जाएगा। नवपदस्थ कलेक्टर श्री उईके इससे पहले जिला उत्तर बस्तर कांकेर के अंतागढ़ में अपर कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे।पदग्रहण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.आर.मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय,प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, समस्त एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नर्मदेश्वर महादेव व हनुमान लला की हुई प्राण प्रतिष्ठा

### कलश यात्रा के साथ उत्साहपूर्ण आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता




**खरोरा।** खरोरा नगर के नवनिर्मित थाना परिसर में आज नर्मदेश्वर महादेव और हनुमान लला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य और भक्तिमय आयोजन संपन्न हुआ। इस पवित्र अवसर पर नगरवासियों का उत्साह चरम पर था।

तपती दोपहरी में नगर की शिव भक्त महिलाओं ने थाना प्रभारी श्री कृष्णकुमार कुशवाहा और उनके परिवार के साथ मिलकर मुख्य यजमान की भूमिका निभाते हुए एक विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए मां शीतला मंदिर, मां महामाया मंदिर, सात बहनियां दाई, और ठाकुरदेव मंदिर पहुंची। वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात् कलश में पवित्र जल भरकर उसे थाना परिसर में लाया गया। इस धार्मिक आयोजन में नगर पंचायत खरोरा के उपाध्यक्ष सुमित सेन, पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, रामराज परिवार अध्यक्ष देवेंद्र पंसारी, पार्षद जय प्रकाश वर्मा, तामेश्वर मरकाम, लीला देवांगन, अम्बिका बंछोर, पार्षद प्रतिनिधि गोपी (बाबा) नशीने, पूर्व पार्षद कपिल नशीने, भूपेंद्र सेन, भरत कुंभकार, विकाश ठाकुर, अभिलाष अग्रवाल, निहाल देवांगन, खोमेश्वर यादव, सावन पमवानी, मदन देवांगन, और आरक्षक सुरेंद्र चोहान सहित नगर की सैकड़ों महिलाएं और नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान भक्ति भजनों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि नगरवासियों के बीच सामाजिक एकता और सहभागिता का भी शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह 23 अप्रैल तक पूजा पाठ होगा और 23 अप्रैल को भव्य भंडारा का आयोजन होना है ।

# छात्रों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का मार्गदर्शक हैं शिक्षक : निषाद

### सेवानिवृत्ति प्राचार्य नारायण का शॉल व श्रीफल भेंटकर किया गया सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** घटारानी मुख्यमार्ग बुढ़ादेव मंदिर परिसर में शनिवार को छुईहा संकुल स्तरीय विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तत्कालीन सेवा निवृत्त प्राचार्य शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल छुईहा नारायण निषाद को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल भेंटकर अतिथियों के हाथों छुईहा संकुल स्तरीय सम्मानित किया गया। फिर बारी-बारी से व्यक्तिगत उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। नारायण निषाद ने कहा की जो खुद वहीं रहते हुए दूसरों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद करता है, जैसे कि सड़क खुद एक जगह पर स्थिर रहते हुए भी लोगों को विभिन्न स्थानों तक पहुंचाती है। शिक्षक ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जिससे विद्यार्थी अपनी मंजिल तक पहुंच पाते हैं। आगे कहा की ज्ञानवानों का उत्तरदायित्व है कि वे समाज को सही दिशा देकर परिवार, समाज और राष्ट्र के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करें। विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी ने कहा की सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां हम अपने काम की जिम्मेदारियों से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं। इस दौरान शुभाष शर्मा बीआरसी, डीआर सिन्हा, सीएससी छुईहा गिरीवर यादव, सीएससी राजिम धर्मेंद्र कौंदकरा, नरेश कुमार साहू, प्राचार्य हायर सेकेंडरी छुईहा एम के साहू,यशोदा ध्रुव, सरिता गायकवाड़, प्रधान पाठक यशोदा ध्रुव, चरौदा कमलेश कुमार साहू, गिरिष साहू, हीरा सिंग यादव, जमाही जागेश्वरी ध्रुव, ठाकुर राम साहू, बीरेंद्र पवार, आरडी ध्रुव, वेद ध्रुव, आरके ध्रुव, नीलम अंगारे, पीसी ध्रुव, एस रात्रे, नेहा ठाकुर, वीरेंद्र ध्रुव कृपाल दीवान, राजकुमार सिन्हा, संतोष वर्मा, दीपा साहू, फनेश्वर कवर, डोमार सिन्हा सोमन साहू, मनी नेताम, जानकी सिदार, खोमन सिन्हा, घनश्याम कंवर, भागीरथी सिन्हा मंच संचालन आशाकांत रजक उपस्थित थे।

# धान के मामले में बड़ी गड़बड़ी करने वाले समिति प्रभारी को किया जाएगा सेवामुक्त, एफआईआर भी होगी

### जांच में मिली है गड़बड़ी, समिति प्रभारी को जांच के बाद गड़बड़ी का जिम्मेदार पाया गया है, रायपुर जिले की 54 सोसायटी से 19673 क्विंटन धान सूखत के नाम पर गायब

समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** रायपुर जिले में शासन के समर्थन मूल्य धान खरीदी योजना में वर्ष 2024-25 में 54 सोसायटी से 19673 क्विंटल धान सूखत बताकर गायब कर दिए। वहीं तिल्दा के सभी सोसायटी ने सार्टेज भर दी है, एकमात्र तोहड़ा सोसायटी का सार्टेज बाकी है। मामले में अधिकारी ने कहा है कि शासन के निर्देशों का पालन किया जाएगा। गड़बड़ी हुई है समिति प्रभारी को जांच के बाद जिम्मेदार पाया गया है। सेवामुक्त और प्राथमिकी दर्ज कराने की नोटिस आया है जिसका पालन किया जायेगा।

विदित हो कि मार्कफेड के 7 अप्रैल को जारी लिस्ट में रायपुर जिला की 54 सोसायटी ने कुल 19673 क्विंटल धान सूखत बताया है। समितियों के किए गए भौतिक सत्यापन के बाद यह गड़बड़ी सामने आई है, जिसके बाद अब खाद्य विभाग ने गायब धान के बदले समितियों से राशि की रिकवरी करने के लिए नोटिस जारी किया है। इन नोटिस के बाद भी अगर समितियों ने गायब धान के बदले राशि जमा करने की पहल शुरू कर दिए हैं, लेकिन कई समिति प्रबंधक गायब धान को सूखत बताते हुए राशि देने से इनकार भी कर रहे हैं। इसे देखते हुए विभाग अब ऐसी समितियों के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी में है।

कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा रायपुर ने 2 अप्रैल को हाईकोर्ट में प्रकरण दायर करने वाले 18 समितियों में धान के भौतिक सत्यापन के लिए सहकारिता विभाग, कॉपरेटिव बैंक, खाद्य विभाग और मार्कफेड की संयुक्त टीम का गठन कर सत्यापन कर रिपोर्ट देने का आदेश जारी किया है। सहकारिता विभाग के उप पंजीयक ने भी रायपुर जिला के तीन विकासखंड के समितियों में धान शॉर्टेज का सत्यापन और जांच करके शाखा प्रबंधक के माध्यम से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए विभाग के अधिकारियों को आदेश जारी किया है। धान सत्यापन की जांच करके विभाग के कुछ अधिकारियों ने रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर दी है।

हाइकोर्ट में प्रकरण दर्ज करने वाले अभनपुर और आरंग विकासखंड की 18 समिति की जांच होने पर रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही होगी। तिल्दा विकासखंड में भी 5 समितियों में धान शॉर्टेज की जाँच सहकारिता विस्तार अधिकारी ने करके रिपोर्ट उप पंजीयक सहकारिता विभाग को प्रस्तुत किया है उप पंजीयक एनआरके चंद्रवंशी ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक खरोरा और तिल्दा को छडीया, कुम्हारी, पचरी, मांठ और टोहड़ा सोसायटी के समिति प्रबंधक को सेवामुक्त करने की कार्यवाही करवाकर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जांच पूरी होने और आदेश जारी होने के बाद भी बैंक के शाखा प्रबंधको ने कोई कार्यवाही नहीं की है। सोसायटीयो में नए मनोनीत अध्यक्ष में कई को धान खरीदी का अनुभव नहीं होने पर समिति प्रबंधक इसका फायदा उठा रहे है। मगर अब धान सत्यापन की जांच होने पर समिति प्रबंधकों की पोल खुलते जा रही है। वही इस मामले में खरोरा शाखा प्रबंधक भरत साहू ने कहा की नोटिस सभी सोसायटी प्रबन्धक को दीया जाएगा।

#### ये कहा अधिकारियों ने

तिल्दा शाखा प्रबंधक शोभा राम साहू ने कहा तिल्दा के सभी सोसायटी ने सार्टेज भर दी है, एकमात्र तोहड़ा सोसायटी का सार्टेज बाकी है।

टोहड़ा सोसायटी अध्यक्ष नरसिंह वर्मा ने कहा की शासन के निर्देशों का पालन किया जायेगा। गड़बड़ी हुई है। समिति प्रभारी रविदुबे को जांच के बाद जिम्मेदार पाया गया है। सेवामुक्त और प्राथमिकी दर्ज कराने की नोटिस आया है,किया जायेगा।

#### रिकवरी का पूरा प्रयास नहीं तो एफआईआर

रायपुर के खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि नोटिस के बाद कई समितियों ने गायब धान या बदले में राशि जमा कराई है लेकिन अभी भी धान की रिकवरी किया जाना शेष है। बचे धान की रिकवरी का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कई समितियां सूखत बताकर लौटा नहीं रही हैं। नहीं लौटाने पर एफआईआर कराएंगे।

# शहर में अवैध कब्जा बना नासूर, जिला प्रशासन ठोस कार्रवाई करें

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे अवैध कब्जा रूकने का नाम नहीं ले रहा है एक लंबे समय से अवैध कब्जाधारियो के विरूद्ध प्रशासन की ओर से ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण अवैध कब्जा करने वालो के हौसले बुलंदी पर है शहर मे शहर थाना के सामने से लेकर गोविंद चौक सदर बाजार पंचायती मंदिर जैन मंदिर होते हुये सती मंदिर से बस स्टैड चौक कालेज गेट के साथ साथ ग्राम खोलवा तक सड़क के दोनो छोर पर बडे पैमाने पर अवैध कब्जे से कच्चे पक्के मकान दुकान चबूतरे व डुप्लीकेट नाली का निर्माण धडल्ले से किये जाने के कारण उक्त प्रमुख एवं व्यस्त मार्ग की चौड़ाई निरंतर घट रहीं है, जिससे यातायात मे जहां व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

वहीं लगातार यातायात बाधित हो रहा है कच्चे पक्के अवैध कब्जो के साथ साथ सड़क पर दुकानदारी करने वालो के कारण सड़क पर चलना अब दुश्वार हो गया है सड़क बाधा करने वालो के विरूद्ध प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने की वजह से कुछ लोग अब बची खुची सड़क पर विभिन्न वाहनो की 24 घंटे पार्किंग भी कर रहे है इसके अलावा सड़क मे दुकानो के सामान व बोर्ड रखे जाने से यातायात पूरी तरह अवरूद्ध हो रहा है और यही कारण है कि आये दिन लोग सड़क दुर्घटना मे चोटिल हो रहे है उक्त प्रमुख मार्गो के अलावा शहर के विश्रामगृह चौक से लेकर तरेंगा नाका नांदघाट रोड तक सड़क के दोनो छोर पर अवैध कब्जे से निर्माण कार्य द्रुत गति से चल रहे है इसी प्रकार की स्थिति महारानी चौक से कांग्रेस भवन जय स्तंभ चौक रामसप्ताह चौक होते हुये गोविंद चौक अनाज लाईन पुराना अंडरब्रिज हटरी बाजार क्षेत्र बस स्टैड क्षेत्र मंडी क्षेत्र एवं माता देवालय पुराना बाबूलाल टॉकिज से लेकर खोखली गांव पहुंच मार्ग तक बेखौफ सड़क पर अवैध कब्जे हो रहे है जिससे एक ओर जहां यातायात जाम हो रहा है वहीं दूसरी ओर सड़को की चौड़ाई कम हो रहीं है इसी प्रकार के हालात लिंक रोड मे भी है वहीं शहर के तमाम अंदरूनी वार्डो मे भी अवैध कब्जा करने होड़ मची हुई है अवैध कब्जा करने वालो ने तो बडे बडे नालो को भी नहीं छोड़ा है जिसके कारण नाले अब नाली के रूप मे तब्दील हो गये वहीं महत्वपूर्ण तालाब जिसमे कल्याण सागर तालाब, पैठू डबरी, कईहा तालाब, मयूर स्कूल के सामने स्थित तालाब, रामसागर तालाब, माता देवायल स्थित तालाब, नक्खी बाबा तालाब के अलावा छोटे बडे अन्य तालाब कब्रिस्तान, श्मशान भूमि, चारागाह, खेल मैदान के अतिरिक्त गुरूनानक वार्ड पंचशील नगर टेंहका भांठा का एक बड़ा हिस्सा अवैध कब्जाधारियो के चंगुल मे बूरी तरह घिर चुका है जिस पर प्रशासन को ठोस कार्यवाही करते हुये अवैध कब्जा के बढते अवैध कारोबार को रोकना जरूरी हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### तालाब में डूबने से एक की मौत

**बिलासपुर।** बिलासपुर में तालाब में डूबने से मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसका छोटे भाई की हालत गंभीर है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उसकी मां घर के काम में व्यस्त थी। तभी खेलते-खेलते दोनों भाई-बहन तालाब तक पहुंच गए। इस दौरान गिरने से दोनों डूब गए। लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल लेकर गए। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है। सिरगिट्टी के बछेरा पारा निवासी विकास साहू फेरी लगाकर मनिहारी सामान बेचता है। रोज की तरह वो रविवार की सुबह अपने काम पर निकल गया। इस दौरान घर पर उसकी पत्नी और छह साल की बेटी बबीता और छोटा बेटा अनोखा साहू थे। मां घर में काम कर रहीं थीं। तभी दोनों बच्चे खेलते-खेलते घर के पास ही तालाब के पास पहुंच गए। दोपहर में दोनों भाई-बहन तालाब के पास खेल रहे थे। इस दौरान बबीता साहू और उसका भाई अनोखा साहू खेलते-खेलते तालाब में गिर गए।

### राजनांदगांव में पारा 44 पार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आज से गर्मी और बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, रायपुर-बिलासपुर समेत आसपास के जिलों में अगले 48 घंटे में दिन का तापमान 41 डिग्री से भी ज्यादा रहने वाला है। हालांकि, दोपहर में तेज धूप के बाद शाम को प्रदेश के कुछ हिस्सों में अंधड़ और हल्की बारिश के भी आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिन तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके बाद फिर तापमान स्थिर रहेगा। इससे पहले, रविवार को प्रदेश में सबसे गर्म राजनांदगांव जिला रहा। यहां दिन का तापमान 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं रात का तापमान 26 डिग्री रहा। इसके अलावा बिलासपुर और रायपुर में भी दिन का तापमान 43 डिग्री तक पहुंचा।

### पटवारी को 10 हजार की रिश्वत लेते दबोचा

**कोरबा।** कोरबा में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अजगरबहार तहसील में पदस्थ पटवारी सुलतान सिंह बंजारे पसान क्षेत्र के ग्राम दुल्लापुर में जमीन का रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट करने के एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। ग्राम दुल्लापुर (पसान क्षेत्र) के रहने वाले ग्रामीण के अनुसार जमीन रिकॉर्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए उसने अजगरबहार तहसील में पदस्थ पटवारी सुलतान सिंह बंजारे से मुलाकात की। पटवारी ने जमीन रिकॉर्ड को ऑनलाइन अपडेट करने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत की मांग की। इसके बाद ग्रामीण ने इसकी शिकायत बिलासपुर एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी से की।

### 150 कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

**भोपाल।** जेपी अस्पताल में 150 आउटसोर्स कर्मचारियों को बीते 4 माह से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों के अनुसार सैलरी ना मिलने से उन पर कर्जा बढ़ रहा है, जो उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर करने के साथ मानसिक प्रताड़ना का कारण बन रहा है। यही कारण रहा कि सोमवार को कर्मचारियों ने काम बंद पर परिसर में धरने पर बैठ गए। इस दौरान सिविल सर्जन से लेकर स्थानीय विधायक के सामने एजेंसी से वेतन दिलवाने की गुहार लगाई। जब उनकी बात नहीं सुनी गई तो नाराज कर्मचारी एजेंसी की शिकायत करने हबीबगंज थाने पहुंच गए।

# छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम में सुधार से औद्योगिक विकास को मिली नई दिशा

- » औद्योगिक निवेश और श्रमिक कल्याण की प्रभावी पहल
- » श्रमिकों के लिए कारखाना परिसर में ही आवासीय सुविधा का रास्ता खुला
- » साय सरकार के निर्णय से बढ़ेगी औद्योगिक उत्पादकता एवं कार्यक्षमता

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। यह संशोधन, जो 27 फरवरी 2025 को अधिसूचित किया गया, औद्योगिक इकाइयों के लिए पट्टे पर दी गई भूमि के उपयोग और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक आवास निर्माण को लेकर नए अवसर प्रदान करता है। इस कदम को राज्य की औद्योगिक नीति को और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाने और स्थानीय श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर किए गए नए संशोधन के तहत, औद्योगिक इकाइयों को पट्टे पर दी गई कुल भूमि का 15 प्रतिशत हिस्सा गैर-औद्योगिक गतिविधियों, जैसे प्रशासनिक भवन, कैंटीन, या अन्य सुविधाओं के लिए नियमित करने की अनुमति दी गई है। पहले यह सीमा सख्त थी, जिसके कारण कई इकाइयों को परिचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस छूट से उद्यमी अपनी इकाइयों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए लचीले ढंग से भूमि का उपयोग कर सकेंगे।

संशोधन का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए आवास निर्माण की अनुमति है। यह कदम न केवल श्रमिकों को बेहतर रहन-सहन की सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की उपलब्धता को भी बढ़ाएगा। इससे श्रमिकों को कार्यस्थल के नजदीक रहने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी यात्रा लागत और समय की बचत होगी।

15 प्रतिशत भूमि के नियमितीकरण की अनुमति से उद्यमी अपनी इकाइयों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बना सकेंगे। इससे उत्पादकता और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। औद्योगिक क्षेत्रों में आवास सुविधा शुरू होने से श्रमिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिलेगा। यह उनकी कार्यक्षमता और जीवन स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा। अनुकूल नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। यह विशेष रूप से छोटे और मझोले उद्यमों के लिए लाभकारी होगा। श्रमिक आवास और औद्योगिक विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्रों में आवास सुविधा से शहरी क्षेत्रों पर जनसंख्या का दबाव कम होगा, क्योंकि श्रमिकों को औद्योगिक क्षेत्रों में ही रहने का विकल्प मिलेगा।

गौरतलब है कि पहले औद्योगिक इकाइयों को पट्टे पर दी गई भूमि का उपयोग केवल विशिष्ट औद्योगिक गतिविधियों के लिए करना होता था। गैर-औद्योगिक उपयोग, जैसे कार्यालय भवन या कर्मचारी सुविधाओं के लिए, अनुमति लेना जटिल और समय लेने वाला था। नए नियम के तहत, 15 प्रतिशत भूमि को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के नियमित करने की अनुमति दी गई है। यह उद्यमियों को परिचालन लागत कम करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करेगा। उदाहरण के लिए, एक इकाई अब इस 15 प्रतिशत भूमि पर कर्मचारी कल्याण केंद्र, प्रशिक्षण सुविधा, या गोदाम बना सकती है।

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक क्षेत्र अक्सर ग्रामीण या अर्ध-शहरी इलाकों में स्थित हैं, जहां श्रमिकों के लिए आवास की कमी रहती है। इससे श्रमिकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिसका असर उनकी उत्पादकता पर पड़ता है। संशोधन के तहत, औद्योगिक इकाइयां अब अपने परिसर में या आसपास श्रमिकों के लिए आवास बना सकती हैं। यह सुविधा न केवल श्रमिकों के लिए लाभकारी होगी, बल्कि उद्यमियों को भी स्थिर और समर्पित कार्यबल उपलब्ध कराएगी।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक करेंगे धमतरी और गरियाबंद जिले में निर्माणाधीन कार्यों का परीक्षण

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन सड़कों के परीक्षण के लिए माह अप्रैल 2025 में राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक आएंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी, नई दिल्ली के निरीक्षण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक श्री सुशील कुमार पण्डित धमतरी एवं गरियाबंद जिले का दौरा करेंगे। उनका मोबाईल नंबर +91-9419186625, और +91-9797490901 है। सड़क निर्माण से संबंधित शिकायतें उनके मोबाइल नम्बर पर साझा की जा सकती है।

# राजेश्री महंत ने डिज्नीलैंड मेला का किया शुभारंभ



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज पीठाधीश्वर श्रीदूधाधारी मठ एवं श्री शिवरीनारायण मठ ने रावण भाठा भाटागांव रायपुर में डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त जी महाराज दिनांक 20 अप्रैल को शाम 7:00 बजे मेला उद्घाटन परिसर में उपस्थित हुए। यहां आयोजन मंडल के सदस्यों ने राजस्थानी घोड़ा नृत्य एवं आतिशबाजी के साथ उनका आत्मीयता पूर्वक स्वागत किया। राजेश्री महन्त जी महाराज एवं अन्य अतिथियों ने फीता काटकर मेला का शुभारंभ किया। उन्होंने मेला परिसर में स्थापित भगवान गणेश जी एवं माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना की। मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का साल एवं पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने मेला परिसर का भ्रमण करके अवलोकन भी किया। इस अवसर पर विशेष रूप से राघोबा महाड़िक, मुकेश मेहता, सचिन सचदेवा, नदीम अख्तर, अमित जैन, लोकेश मेहता, फिरोज अख्तर, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नगरीक गण उपस्थित थे।

# खल्लारी वन क्षेत्र में तेंदुआ और बायसन की मौत

### शिकार के लिए लगाए गए करंट से मौत होने की आशंका

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** खल्लारी वन क्षेत्र में नेशनल हाईवे क्रमांक 353 के करीब खल्लारी मातेश्वरी पहाड़ी के नीचे वन कक्ष क्रमांक 182 में *बायसन*(बन भैसा) और बुंदी तेंदुआ के करंट लगने से दर्दनाक मौत।

अज्ञात आरोपीयों ने हाईटेंशन बिजली पोल से करीब 4 सौ मिटर लम्बे तार फैला कर घटना को अजाम दिया होगा। ऐसे अनुमान लगाया जा रहा है। किन्तु अज्ञात आरोपीयों ने घटना को अंजाम देने के बाद अपना बिजली तार वहां से लेके चल दिया है। उक्त घटना बिति रात्रि का बताया जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय वन अमला घटना स्थल पर पहुंचे! पिछले वर्ष आंवराडबरी खल्लारी क्षेत्र में चीतल हिरण की खाल बेचते हुए कुछ अपराधी पकड़े गए थे, शिकारी इस कदर बेखौफहो गए हैं कि उन्हें दुर्लभ प्रजाति के जानवरों को निर्मम हत्या करने में जरा सा भी संकोच नहीं होता गर्मियों में जानवर पानी की तलाश में भटकते हुए आते हैं और इन शिकारियों के नापाक इरादो में फस जाते हैं वन्यजीवों को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

# पति ने पत्नी की चाकू मारकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घरेलू विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। यह दर्दनाक घटना सोमवार दोपहर छुरा के आवासपारा मोहल्ले में हुई। मृतका की पहचान 30 वर्षीय बिशनी मार्कण्डेय के रूप में हुई है, जो पिछले दो वर्षों से अपने मायके में रह रही थी।

### पारिवारिक विवाद बना मौत की वजह

मिली जानकारी के अनुसार, बिशनी की शादी 15 साल पहले सतनामीपारा निवासी गोपी मार्कण्डेय से हुई थी। शादी के कुछ सालों बाद से ही उनके बीच विवाद शुरू हो गए थे, जो समय के साथ बढ़ते गए। बिशनी के परिजनों का कहना है कि गोपी द्वारा अक्सर मारपीट किए जाने के चलते वह दो साल से अपने मायके में रह रही थी। दंपत्ति के बच्चे इस समय महासमुंद में पढ़ाई कर रहे हैं।

### दोपहर में हुआ जानलेवा हमला

बताया जा रहा है कि सोमवार को दोपहर करीब 11 से 12:30 बजे के बीच आरोपी गोपी मार्कण्डेय अचानक बिशनी के घर पहुँचा। घर में घुसते ही उसने बिशनी पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। हमले में बिशनी को सीने, पेट, भुजा और पैर में गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुँचाया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी हिरासत में

घटना की सूचना मिलते ही छुरा पुलिस मौके पर पहुँची और फरार होने से पहले ही आरोपी गोपी को पकड़ लिया गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद को ही हत्या की मुख्य वजह माना जा रहा है।

### समाज के लिए चेतावनी है यह घटना

यह हृदयविदारक घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि घरेलू हिंसा को हल्के में लेने का परिणाम कितना भयावह हो सकता है। बिशनी की हत्या केवल एक महिला की जान नहीं गई, बल्कि दो बच्चों की दुनिया उजड़ गई और एक परिवार बिखर गया। अब यह समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि ऐसी घटनाएं दोहराई न जाएं।

# गरियाबंद जिला में विकास की अपार संभावनाएं : कलेक्टर

### नवपदस्थ कलेक्टर का किया गया स्वागत, निवर्तमान कलेक्टर श्री अग्रवाल को दी गई भावभीनी विदाई

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** राज्य सरकार द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश के तहत गरियाबंद जिले में नये कलेक्टर भगवान सिंह उइके को पदस्थ किया गया है।साथ ही निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल को नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के पद पर पदस्थ किया गया है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री उइके ने आज कार्यभार ग्रहण किया। तत्पश्चात जिला अधिकारियों द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टर श्री उइके को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।साथ ही निवर्तमान कलेक्टर दीपक अग्रवाल को स्मृतिचिन्ह भेंटकर भावपूर्ण विदाई दी गई।

इस दौरान नव नियुक्त कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य गरियाबंद जिला में विकास की अपार संभावनाएं है। शासन के मंशानुसार लोगों के हित के लिए योजनाओं का निरंतरता के साथ क्रियान्वयन किया जायेगा।साथ ही जिले वासियों को शासन स्तर पर संचालित योजनाओं से हर संभव प्रयास करते हुए लाभान्वित किया जायेगा। इस दौरान निवर्तमान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान किये कार्य उपलब्धि एवं अनुभवों को साझा किया।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की अच्छी टीम की बदौलत लोकसभा निर्वाचन राजिम कुंभ कल्प मेला,पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।साथ ही जिले में नवाचार कार्य करते हुए गौरव गरियाबंद अभियान, टी.बी.मुक्त अभियान,प्रयास कोचिंग, नवोदय कोचिंग,सुपोषण अभियान,सेल्फी विद ईपिक,पोषण निवेश जैसे कार्यक्रमों का संचालन कर राज्य में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया गया।उन्होंने जिले में ऐसी ही विकास कार्य संचालित होते रहने की संभावनाओं के साथ सभी को शुभकामनाएं दी।इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.आर. मरकाम,अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत,नवीन भगत,समस्त एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान अधिकारियों ने निवर्तमान कलेक्टर श्री अग्रवाल के कार्यकाल में जिले में हुए विकास कार्यों और उनकी नेतृत्व क्षमता की सराहना की। साथ ही उनकी कार्यशैली और नीतिगत निर्णयों को जिले के विकास में मील का पत्थर बताया।अधिकारियों ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में जिले ने न केवल प्रशासनिक दक्षता में सुधार किया बल्कि समय प्रबंधन एवं शासकीय दायित्वों का निर्वहन के नये आयाम भी सीखे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री मरकाम ने कहा कि निवर्तमान कलेक्टर श्री अग्रवाल के कार्यकाल का अच्छा अनुभव रहा। उनसे व्यावहारिक एवं प्रशासनिक कार्यो में सहयोग प्राप्त हुए। उन्होंने उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए उनके भविष्य की शुभकामनाएं दी। अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय ने कहा कि निवर्तमान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला कार्यालय में बायोमैट्रिक के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए अधिकारी कर्मचारियों को समय के पाबंद रहने का नया अनुभव सीखाया। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग के ईई एस.के.बर्मन,उप संचालक पशुपालन विभाग ओ.पी तिवारी एवं डीपीओ अशोक पाण्डेय ने भी निवर्तमान कलेक्टर श्री अग्रवाल के कार्यो की प्रशंसा करते हुए नये कलेक्टर श्री उइके के साथ कुशल समन्वय एवं उनके मार्गदर्शन में कार्य करते हुए जिले को आगे बढ़ाने की बात कही।

# जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज के इंदौर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत सत्कार

### खजराना गणेश मंदिर में दर्शन व धोक लगाकर भक्तों को दी भक्ति बरकरार रखने की सीख

समवेत शिखर न्यूज



**इंदौर।** परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज का यहां मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर शहर के अहिल्या बाई होलकर हवाईअड्डे पर गगन चुम्बी जयकारों के साथ श्रद्धालु गुरु भक्तों ने जोरदार वंदनीय स्वागत सत्कार किया।

कृष्णगिरी पीठाधीश्वर हाल ही जगद्गुरु की पदवी के पट्टाभिषेक के बाद पहली बार इंदौर आगमन के साथ वे सर्व प्रथम जगप्रसिद्ध श्रीखजराना गणेश मंदिर पहुंचे, जहां विधिवत रूप से दर्शन, पूजा वंदना की। इस दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट एवं जयदेव भट्ट ने विधिवत पूजन अर्चन कराकर सम्मान भी किया। इसके बाद स्थानीय वीआईपी परस्पर नगर में श्री पार्श्व पद्मावती धाम पहुंचे। कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्य गुरुदेवश्रीजी ने इस दौरान उपस्थित गुरु भक्तों के उत्साही स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर अपने संक्षिप्त आशीर्वचनों में उन्होंने कहा कि मालवा की धरती के लोगों की खासियत है कि वे देवतुल्य स्वागत और भक्ति अच्छी करते हैं। वे बोले कि परिस्थितियां कैसी भी हों, यह भक्ति कभी कम नहीं होनी चाहिए अर्थात् परमात्मा की भक्ति बरकरार रहनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि संसार में यदि सम्मान चाहिए तो संत, गुरु एवं ईश्वर के समक्ष पूर्ण समर्पण सम्मान के साथ भक्ति प्रकट करें। प्रसंगवश कृष्णपक्ष अष्टमी विशेष भक्ति भजन की प्रेरणा देते हुए उन्होंने बताया कि हर अमावस्या के पूर्व की इस अष्टमी पर कोई शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। न ही किसी प्रकार की खरीददारी करनी चाहिए। शुभता के लिए अष्टमी दिवस विशेष को अधिकाधिक भगवान का नाम स्मरण ही करना चाहिए।

इस दौरान पूज्यपाद जगद्गुरु ने 23 अप्रैल, बुधवार को उज्जैन में श्री रत्नेश्वर गणपतिजी की मूर्ति प्रवेश कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की प्रेरणा भी दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों में रितेश नाहर, विपिन पगारिया, राकेश जैन, जितेंद्र बाफ़ना, आशुतोष शर्मा, लोहित गांधी, अरविंद बांठिया, पीयूष चौरड़िया, दिलीप कांटेड, सुधा मेहता, कुंता पाटीदार, बंसी धनकड, विक्रम सिंह सिसोदिया सहित अनेक गुरुभक्त मौजूद रहे।

उज्जैन में श्री रत्नेश्वर गणपतिजी की प्रतिमा प्रवेश 23 को -डॉ संकेश छाजेड़ ने बताया कि आगामी 23 अप्रैल को बाबा श्रीमहाकाल की नगरी उज्जैन में दुनिया के पहले और निर्माणाधीन विशाल श्रीरत्नेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रथम चरण में श्री रत्नेश्वर गणपतिजी की प्रतिमा प्रवेश कार्यक्रम में पूज्यपाद जगद्गुरु अपना दिव्य सानिध्य प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि उजड़खेड़ा हनुमान मार्ग, भूखी माता मंदिर के समीप स्थित बन रहे इस भव्य मंदिर में विश्व की सबसे बड़ी अष्टधातु से निर्मित श्रीरत्नेश्वर गणपतिजी की 3200 किलो वजनीय भव्य मूर्ति का प्रवेश होगा। बुधवार दोपहर 12 बजे से भव्य समारोह एवं समस्त भक्तजनों के लिए प्रसाद वितरण भी होगा। इस दौरान देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरु भक्त उज्जैन पहुंचेंगे।

# हमसफर एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाए जाने से रेल यात्रियों को राहत

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य के दुर्ग रेल्वे जंक्शन से निजामुददीन तक चलने वाली दुर्ग निजामुददीन दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस मे रेल प्रशासन ने यात्रियो के हित मे अधिकाधिक सुविधा बहाल करने तथा रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले तमाम रेल यात्रियो को कर्फम बर्थ उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से ट्रेन क्रमांक 22867/22868 दुर्ग निजामुददीन दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन मे 02 एसी-03 कोच की सुविधा अस्थाई रूप से उपलब्ध कराई जा रहीं है उक्त सुविधा ट्रेन क्रमांक 22867 दुर्ग निजामुददीन हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन मे 22 अप्रेल दिन मंगलवार से आगामी 08 जुलाई दिन मंगलवार तक उपलब्ध रहेगा वहीं ट्रेन क्रमांक 22868 निजामुददीन दुर्ग हमसफ र एक्सप्रेस ट्रेन मे 23 अप्रेल दिन बुधवार से 09 जुलाई दिन बुधवार तक उपलब्ध रहेगी उक्त सीट की उपलब्धता से दुर्ग से निजामुददीन के बीच यात्रा करने वाले हजारो रेल यात्रियो को लाभ प्राप्त हो सकेगा। दुर्ग निजामुददीन हमसफर एक्सप्रेस मे 17 एसी 03 कोच मे दो अतिरिक्त कोच लगाये जाने के बाद 19 एसी 03 कोच के साथ उक्त ट्रेन दौड़ेगी जिससे अधिकांश रेल यात्रियो को अब कर्फम बर्थ मिल सकेगा व तमाम रेल यात्री सुविधापूर्ण ढंग से अब अपनी यात्रा कर सकेंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज़ ब्रीफ



### पशु चिकित्सकों ने सुदूर ग्राम पदनार के जंगल में सिजेरियन ऑपरेशन कर बचाई गाय की जान

**कोंडागांव।** विकासखंड कोंडागांव के मर्दापाल क्षेत्र अंतर्गत सुदूर ग्राम पदनार में पशु मालिक लखमु राम मडावी की गाय को बीते दो दिनों से बछड़ा जनने में परेशानी हो रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर वीएएस पशु चिकित्सालय कोंडागाँव डॉ ढालेश्वरी द्वारा जांच करने पर पाया गया कि गाय की जनन नली संकरी होने के कारण बछड़ा बाहर नहीं आ पा रहा था एवं बछड़े की मृत्यु हो चुकी थी। गाय की जीवन रक्षा हेतु एवं पशु मालिक की सहमती के साथ डॉ ढालेश्वरी द्वारा तत्काल सिजेरियन करने का निर्णय लिया गया एवं डॉ कृष्ण कोराम, डॉ अनिल, डॉ चंदना की टीम द्वारा ऑपरेशन कर मृत बछड़े को बाहर निकाला गया। शल्यक्रिया के दौरान एवीएफओ आलोक नेताम, संजीत, खेमराज एवं अन्य ग्रामीणों का भी सहयोग रहा।

### 23 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में होगा जन चौपाल

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार और सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए 23 अप्रैल से 02 मई तक ग्राम पंचायतों में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उक्त जन चौपाल के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित जिला, जनपद स्तरीय तथा ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सम्बन्धितों को नियत तिथि पर सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त परिप्रेक्ष्य में जारी आदेश के अनुसार जिले के जनपद पंचायत दरभा के समस्त ग्राम पंचायतों में 23 अप्रैल 2025, बकावंड के सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, बास्तानार के ग्राम पंचायतों में 26 अप्रैल, जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में 28 अप्रैल, जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायतों में 30 अप्रैल, तोकापाल के ग्राम पंचायतों में 01 मई तथा लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में 02 मई 2025 को जनचैपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सम्बन्धित अधिकारी और अन्य मैदानी अमला ग्रामीणों के साथ चौपाल आयोजित कर ग्राम पंचायत की मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यकताओं पर परिचर्चा करने के साथ ही निर्धारित प्रपत्र में जानकारी जिला पंचायत बस्तर में प्रस्तुत करेंगे।

# ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा हैंडपंप एवं सोलर ड्यूल पंप संधारण अभियान

## शिकायत निवारण हेतु ब्लॉक स्तर पर प्रभारी अधिकारी नियुक्त

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार ग्रीष्मकाल के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिकोण से हैंडपंप और सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मरम्मत योग्य हेण्डपम्पों तथा सोलर ड्यूल पम्पों का सुधार किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत जिले में अब तक 508 हेण्डपम्पों का मरम्मत किया गया है, साथ ही 23 सोलर डयूल पम्पों का सुधार किया गया है। इस बारे में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर श्री एचएस मरकाम ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी के दिनों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप और सोलर ड्यूल पम्पों का रखरखाव सुनिश्चित किए जाने के लिए 15 मार्च 2025 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा क्रेडा के विभागीय अमले द्वारा समन्वय स्थापित कर मरम्मत योग्य हैंडपंप और सोलर ड्यूल पम्पों का सुधार किया जा रहा है। इस कार्य के लिए आवश्यक स्पेयर-पार्ट्स, राइजिंग पाइप सहित अन्य जरूरी सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है। साथ ही उक्त संधारण अभियान का नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किया जा रहा है। ज्ञात हो कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित शिकायत निवारण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही समस्या समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोलफ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है। इस बारे में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर श्री एचएस मरकाम ने बताया कि उक्त टोलफ्री नम्बर द्वारा सीधे विभाग से संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के बारे में अवगत कराया जा सकता है। वर्तमान में जिले के ग्रामीण इलाकों में मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों का सुधार किया जा रहा है। साथ ही क्रेडा के माध्यम से सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण सुनिश्चित किया जा रहा है। पेयजल व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में शिकायत निवारण के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी के तहत दरभा एवं लोहण्डीगुडा हेतु एसडीओ श्री हिरेन्द्र बघेल मोबाइल नंबर 78289-57721, बास्तानार एवं तोकापाल के लिए उप अभियंता श्री एसएस पैकरा मोबाइल नंबर 75873-62080, बकावण्ड एवं बस्तर हेतु उप अभियंता श्री आलोक मंडल मोबाइल नंबर 99936-99227 और जगदलपुर ब्लॉक के लिए एसडीओ श्रीमती के. सुनिता मोबाइल नंबर 94252-65225 को दायित्व सौंपा गया है।

# सिलेंडर की कीमत बढ़ने से चूल्हे की ओर लौटी महिलाएं

समवेत शिखर संवाददाता



**कोंडागांव।** महंगी होती सिलेंडर गैस ने गरीब परिवारों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। कोंडागांव में गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाएं एक बार फिर चूल्हे की ओर लौट रही हैं।

गांधी वार्ड की सरोजी बाई का कहना है कि पिछले महीने 1150 रुपए में सिलेंडर आया था, जो अब बढ़कर 1200 रुपए हो गया है। बच्चों की पढ़ाई और घर के अन्य खर्चों के बीच गैस सिलेंडर भरवाना मुश्किल हो गया है। उज्ज्वला योजना से मिला सिलेंडर अब घर के कोने में खाली पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चिंताजनक है। गांव से शहर तक सिलेंडर लाने में ट्रांसपोर्ट का अतिरिक्त खर्च 200 रुपए पड़ता है, जिससे गांव तक पहुंचते-पहुंचते सिलेंडर की कीमत 1300 रुपए तक पहुंच जाती है। कोंडागांव के पास उसरी गांव की मीना मंडावी, जिनके पति दिहाड़ी मजदूर हैं। अब जंगल से लकड़ी लाने को मजबूर हैं। गर्मी में जंगल की आग और लकड़ी ढोने के खतरे के बावजूद उन्हें यही रास्ता अपनाना पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि उज्ज्वला योजना से मिले गैस कनेक्शन से जीवन में सुधार की उम्मीद जगी थी। धुएं से मुक्ति और समय की बचत की संभावना थी। लेकिन बढ़ती कीमतों ने इस योजना के लाभ को कम कर दिया है। अब महीने का राशन तो आ जाता है, लेकिन गैस सिलेंडर भरवाना मुश्किल हो गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत 1 मई 2016 को की गई थी। ये योजना गरीब परिवारों को मुफ्त में रसोई गैस उपलब्ध कराती है। ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों इलाके में रहने वाले बीपीएल परिवार के लोगों को इसका फायदा मिल सके।

# मामूली कहासुनी में पड़ोसी ने की हत्या

समवेत शिखर संवाददाता



**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के ग्राम नालाझर में रविवार सुबह मामूली कहासुनी के बाद एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी की टांगी से हत्या कर दी।

मृतक की पहचान सोनालार नेताम (38 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक के भाई सुकुरुसे नेताम ने बताया कि सोनालार की मोहल्ले में ही रहने वाले लक्ष्मण नेताम से किसी बात को लेकर बहस हो गई। बहस के दौरान लक्ष्मण ने गुस्से में आकर पास रखी टांगी से सोनालार के सिर पर वार कर दिया। परिजन घायल सोनालार को अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फरसगांव थाना की पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मण नेताम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई लोहे की टांगी भी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी आरसी साहू, निरीक्षक संजय सिन्हा, सउनि पितांबर कंवर, प्रधान आरक्षक मुजेन्द्र साहू, आरक्षक दीपक हलधर और अजहरंग बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्या

समवेत शिखर संवाददाता



**नारायणपुर।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने भरोसा दिलाया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में पार्षद वार्ड क्रमांक 15 डुमरतराई द्वारा सड़क निर्माण में ध्यान देने, नरेन्द्र कुमार उसेण्डी द्वारा ऋष्टा लेने, राकेश कुमार सोढ़ी द्वारा वेतन प्रदाय करने, समस्त ग्रामवासी तोयनार द्वारा प्राथमिक शाला तोयनार में बालक आश्रम स्वीकृति देने, मुकेश ग्राम कानांगांव द्वारा जीवन यापन बाबत, गोगाराम उसेण्डी प्रधान अध्यापक तोयनार द्वार अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का राशि देने, राहुल राठौर गुडरीपारा द्वारा अंतर्जातीय विवाह के संबंध में, अनिता दुग्गा एवं यशवंत दुग्गा द्वारा यशवंत दुग्गा के सर्विस बुक में नाम दर्ज कराने एवं रोजगार दिलवाने, खेमसिंह देवांगन द्वारा पट्टे की जमीन से संबंधित विवाद में समझौता के माध्यम से विपक्ष द्वारा कब्जा हटाने पर अपनी मंजूरी के पश्चात् मान्य आदेश की अवहेलना के संबंध में, कुमारी ममता कर्मा द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार दिलाने, सुखनाथ सोरी ग्राम आदपाल द्वारा डोनर को रोड निर्माण कार्य में लगाया था, जिसका पैसा दिलाने, सरपंच ग्राम ताड़ोपाल द्वारा विभिन्न कार्यो को स्वीकृति प्रदाय करने, महेश्वरी कोवाची जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 2 द्वारा बालक बालिकाओं के लिए नये आश्रम शाला भवन निर्माण करने, रविन्द्र, सरिता एवं अन्य द्वारा एनएच सड़क निर्माण के संबंध में, मोहन सिंह द्वारा सहायक ग्रेड 02, संविदा आपरेटर पद में पदांकित करने, समस्त पारावासी ग्राम पंचायत बेलगांव द्वारा पट्टा प्रदाय करने, प्रवीण जैन पार्षद वार्ड क्रमांक 12 द्वारा राशन दुकानों में संचालन का समय व संचालनकर्ता का मोबाईल नंबर चस्पा करने, मनोज नाग उप सरपंच ग्राम ओकपाड़ द्वारा ग्राम पंचायत सुलेंगा धौड़ाई के आश्रित ग्राम ओकपाड़ में द्वितीय श्रेणी सड़क एवं पलिया निर्माण हेतु, सरपंच ग्राम कन्हारगांव द्वारा किसानों को खाद बीज लोन दिलाने, अध्यक्ष उ. शा.प्र.समि. द्वारा शिक्षक पदोकिंत करने तथा उत्तमचंद जैन तहसीलपारा द्वारा संविलयन नियम 2018 के क्रमांक 09 के परिपालन में अन्य विकासखण्ड एवं अन्य जिलों से स्थानांतरण से आये शिक्षकों को दिये गये पदोन्नति को निरस्त करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# भले ही हम क्वालीफाई न करें, अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करेंगे : धोनी



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है कि क्या वह सही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं तथा उन्होंने अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों से थोड़ा आत्ममंथन करने का आग्रह किया।

धोनी ने संकेत दिया कि खिलाड़ी अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पा रहे हैं लेकिन इसके साथउन्होंने यह भी कहा कि वह अगले साल के लिए कोर ग्रुप की पहचान करने के करीब हैं। धोनी ने रविवार शाम यहां आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों नौ विकेट से हार के बाद कहा,''हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी। हम एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर आगे हम कुछ मैच हारते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन तैयार करना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, ''हम बहुत अधिक खिलाड़ियों को बदलने के पक्ष में नहीं हैं। हमारे लिए अभी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना महत्वपूर्ण है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो हमारा ध्यान अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करना और फिर दमदार वापसी करने पर होगा।

# बीसीसीआई के सालना कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान, ए+ केटेगरी में रोहित-कोहली-बुमराह-जडेजा, ईशान-श्रेयस की भी वापसी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार, 21 अप्रैल को भारतीय पुरुष टीम के लिए वार्षिक केंद्रीय अनुबंध की पुष्टि की, जिसमें अक्टूबर 2024-सितंबर 2025 की अवधि के लिए 34 खिलाड़ियों को शामिल किया गया। शीर्ष ग्रेड में रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा की अगुआई में, पिछली बार 30 अनुबंधित खिलाड़ियों की तुलना में सूची में चार खिलाड़ियों की बढ़ोतरी की गई। आर अश्विन उल्लेखनीय रूप से बाहर रहे, जिन्होंने पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

ऋषभ पंत (जो पिछले साल तक ग्रेड बी में थे) को पदोन्नत कर ग्रेड ए में अश्विन की जगह ले ली गई है, जबकि श्रेयस अय्यर ग्रेड बी में रिटेनरशिप सूची में वापस आ गए हैं। अय्यर, ईशान किशन के साथ केंद्रीय अनुबंध सूची में अपना स्थान खो चुके थे, लेकिन घरेलू क्रिकेट में लगातार प्रदर्शन के बाद दोनों वापस आ गए। अय्यर ने विशेष रूप से आईपीएल और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कप्तान के रूप में जीत के साथ एक शानदार वर्ष बिताया, एकदिवसीय टीम के स्थायी सदस्य बन गए और हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी खिताब में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होने के बाद मार्च के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब जीता।

खिलाड़ियों और ग्रेड श्रेणियों की सूची : ग्रेड ए+ रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रित बुमरा, रवींद्र जड़ेजा

**ग्रेड ए :** मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत

**ग्रेड बी :** श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, यशस्वी जयसवाल, अक्षर पटेल

**ग्रेड सी :** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ईशान किशन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन, मुकेश कुमार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, रजत पाटीदार, नितीश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा, रवि बिश्नोई, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, वाशिंगटन सुंदर।

## कलाकारों ने बताए चिलचिलाती गर्मी में सेहतमंद रहने के राज़



**मुंबई।** भीषण गर्मी में एक्टिव रहना मुश्किल हो सकता है, पर फिटनेस के सही तरीके अपनाने से सेहतमंद और तरोताजा रहना बेहद आसान है। मौसम के हिसाब से कसरत का समय और तरीका बदलने से बहुत फर्क पड़ता है। एण्डटीवी के कलाकारों ने गर्मियों में फिट, कूल और मोटिवेटेड रहने के अपने पसंदीदा तरीकों के बारे में बताया। इनमें शामिल हैं विक्रम द्विवेदी (विशंभर सिंह, भीमा), सपना सिकरवार (बिमलेश, हप्पू की उलटन पलटन), और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, भाबीजी घर पर हैं)।

'भीमा' में विशंभर सिंह का किरदार अदा कर रहे विक्रम द्विवेदी कहते हैं, ''मेरे लिए गर्मी बहाना नहीं, बल्कि यह एक प्रेरणा है। मैं अपना वर्कआउट सुबह या शाम को करता हूँ ताकि धूप से बच सकूँ। मैं प्लैंक, जंपिंग जैक और बर्पी जैसी आसान बॉडीवेट वाली एक्सरसाइज करता हूँ, जिससे मेरा स्टैमिना बना रहता है। पानी पीना बहुत जरूरी है, इसलिए मैं छाछ, नारियल पानी और कभी-कभी घर का बना बेल का शरबत पीता हूँ। शूटिंग के दौरान भी एक्टिव रहना मेरे लिए सबसे जरूरी है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का रोल निभा रहीं सपना सिकरवार कहती हैं, ''मुझे गर्मी में बहुत अच्छा और एनर्जेटिक लगता है। गर्मियों में बड़े दिन और खुला मौसम मेरा मन खुश कर देते हैं। मैं शाम को लंबी वॉक पर जाती हूँ, जो आराम करने और नेचर से जुड़ने का मेरा 'मी टाइम' होता है। घर पर मैं डांस करती हूँ, जिससे कैलोरी भी बर्न होती है और मूड भी अच्छा हो जाता है। सबसे मजेदार बात ये है कि मेरी बेटी भी मेरे साथ डांस करती है, और हम खूब हंसते-गाते हैं।

## अगले वर्ष होली पर अच्छाई का बुराई से होगा सामना, यश राज फिल्म्स ने 'मर्दानी 3' की रिलीज़ डेट की घोषणा की



**मुंबई।** यश राज फिल्म्स की मर्दानी सीरीज़ हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी महिला-केंद्रित फ्रेंचाइजी बन चुकी है, जिसे पिछले 10 वर्षों में दर्शकों का भरपूर प्यार और सराहना मिली है। यह ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी आज एक कल्ट स्टेटस प्राप्त कर चुकी है और सिनेमा प्रेमियों के बीच खास पहचान रखती है। भारत की सबसे बड़ी और एकमात्र महिला पुलिस अधिकारी पर आधारित फ्रेंचाइजी मर्दानी अब अपने तीसरे भाग में प्रवेश कर रही है। मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी एक बार फिर से शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका में नजर आएँगी। शिवानी एक निडर पुलिस अधिकारी है, जो न्याय के लिए निःस्वार्थ भाव से लड़ती है। आज यश राज फिल्म्स ने मर्दानी 3 की रिलीज़ डेट का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म शुक्रवार, 27 फरवरी, 2026 को रिलीज़ होगी। खास बात यह है कि इस दिन के कुछ दिन बाद ही होली का पर्व (4 मार्च) मनाया जाएगा, जो अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है। इसी को ध्यान में रखते हुए फिल्म निर्माताओं ने इस फिल्म को एक खूनी तथा हिंसक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत करने का इरादा जाहिर किया है। शिवानी की अच्छाई बनाम खतरनाक बुराई के बीच की यह कहानी दर्शकों का मन मोह लेगी। रानी मुखर्जी पहले ही यह बता चुकी हैं कि यह फिल्म डार्क, डेडली और ब्रूटल यानि अंधेरी, जानलेवा और निर्मम होगी।

# कैंटाबिल ने बिलासपुर में फ़ैमिली-वियर स्टोर के उद्घाटन के साथ अपने रिटेल बिजनेस का विस्तार किया



**बिलासपुर (ए)।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और खुदरा विक्रेताओं में से एक कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने बिलासपुर में अपने नए खुदरा स्टोर के उद्घाटन की घोषणा की है। 2042 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला यह ब्रांड स्टोर खसरा नंबर 501/7, वार्ड नंबर 32, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, इंडियन कॉफी हाउस के सामने, बिलासपुर (सी.जी.) 490051 में स्थित है, जो कैंटाबिल के लगातार होते विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए फार्मल, कैजुअल और पार्टी वियर्स के साथ-साथ एक्सेसरीज के व्यापक चयन की पेशकश करने के लिए समर्पित, कैंटाबिल खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित करता है। इसके साथ ही कैंटाबिल ने देश भर में 600 स्टोर्स की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जिससे फैशन उद्योग में एक प्रमुख ब्रांड के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है।

कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक दीपक बंसल ने इस लॉन्च पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा- हम बिलासपुर में अपने नए फैमिली-वियर स्टोर को खोलते हुए बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में ग्राहकों से अपार प्रशंसा प्राप्त की है।

# इंडियन ऑयल के एक्स्ट्रापॉवर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम को मिला स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025



**मुंबई (ए)।** इंडियनऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रमुख एक्स्ट्रापॉवर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन - बिज़नेस प्रोसेस ट्रांसफॉर्मेशन श्रेणी में स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 100वें स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया, जो इंडियनऑयल द्वारा परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए नवाचार और ग्राहक-केंद्रित डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने के प्रयासों को मान्यता देता है। इस प्रोग्राम ने फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए ईंधन प्रबंधन के तरीके को एक सुरक्षित, सुगम और तकनीक-सक्षम मंच के माध्यम से पूरी तरह से बदल दिया है।

यह पुरस्कार समीर कोचर, अध्यक्ष, स्कॉच डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा इंडियनऑयल की टीम को प्रदान किया गया।

स्कॉच अवार्ड्स भारत के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हैं, जो शासन, वित्त, प्रौद्योगिकी और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए दिये जाते हैं। इस वर्ष के पुरस्कारों में अग्रणी बैंक, सरकारी संस्थाएं, प्रौद्योगिकी कंपनियां और निजी क्षेत्र के संगठनों की भागीदारी रही। इंडियनऑयल का चयन एक बहु-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद हुआ, जिसमें अंतिम प्रस्तुति 11 मार्च 2025 को दी गई थी। एक्स्ट्रापॉवर फ्लीट कार्ड प्रोग्राम आज देशभर में लाखों फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए एक भरोसेमंद समाधान बना हुआ है, जो रीयल-टाइम नियंत्रण, पारदर्शिता और मूल्य वर्धित सुविधाएं प्रदान करता है जिससे ईंधन खरीद और संचालन में दक्षता आती है।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### हनुमान जी की महाआरती में सम्मिलित होंगे राजेश्री महंत



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज सक्ति में आयोजित हनुमान जी की महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री सिद्ध हनुमान मंदिर सक्ति में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार को शाम 7 बजे श्री हनुमान जी महाराज की महाआरती होगी इस कार्यक्रम में राजेश्री महन्त जी महाराज मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होंगे। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी की महाआरती की जाती है। इस सप्ताह 101वीं महाआरती सम्पन्न होने जा रही है। सभी श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील आयोजन समिति ने किया है।

### छत्तीसगढ़ के लोगों के व्यवहार से काफी खुश नजर आए असरानी



**कोरबा।** बॉलीवुड के कलाकार असरानी छत्तीसगढ़ के माना एयरपोर्ट में आज सुबह पहुंचे। कोरबा के लोगों ने उनका स्वागत सत्कार किया। छत्तीसगढ़ के लोगों के व्यवहार की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहां का अनुभव हमेशा याद रहेगा।नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड कलाकार असरानी और मंदाकिनी को विशेष तौर पर बुलाया गया है। रायपुर में कुछ देर विश्राम के बाद कलाकार सडक़ मार्ग से कोरबा पहुंचे। आज शाम 4 बजे लाइंस इंग्लिश स्कूल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में वे शामिल हुए।

# गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और गौ पालन के प्रति लाए जागरूकता : विशेषर सिंह पटेल







### छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ली बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने आज कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन सहित संबंधित विभागों की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में उन्होंने गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और हर घर गौ पालन के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग, पंचायत विभाग, नगरीय निकाय सहित सभी संबंधित विभागों को जमीनी स्तर पर गाय के विभिन्न महत्व को बताते हुए आमजन को जागरूक करने कहा।

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल द्वारा बैठक में गौ माता के विभिन्न महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने गायों के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी और स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से भी जन-जन को जमीनी स्तर पर गाय के महत्व को समझाने और जागरूक करने कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को गायों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखते हुए इसे रोकने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ सेवा के लिए सक्ती जिले में बेहतर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, पशु चिकित्सा विभाग, नगरीय निकाय, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, गौ शाला संचालनकर्ता, गौ सेवक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं



समवेत शिखर संवाददाता

**बिलासपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। इस अवसर पर कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

जनदर्शन में आवेदकों के राजस्व संबंधी मामले, भूमि विवाद, भूमि अधिग्रहण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आजीविका, पीडीएस द्वारा राशन प्राप्त ना होने, अधिक बिजली बिल संबंधी मामलों सहित विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। ज्ञात हो कि अब जनदर्शन के सभी आवेदनों को समय सीमा बैठक में भी रखा जाएगा। जहां से इसकी निगरानी की जाएगी एवं एक सप्ताह के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास 2.0 : अब तक 1 लाख से ज्यादा परिवारों का हुआ सर्वे

समवेत शिखर संवाददाता



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से हितग्राहियो को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर दुआर साय सरकार अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पूरे जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर सर्वेक्षको के द्वारा आवास सर्वेक्षण को शत् प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए पात्र हितग्राहियों के सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिसमें अब तक 1 लाख 13 हजार 764 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है।

इसी क्रम में आज जिले के ग्राम पंचायत बहतराई मिट्ठू नवागांव, नवागांव सलका, करगीकला, सोनपुरी, चपौरा, चुरेली. दारसागर, पंडरापथरा पुरूवार घुटकू, निगारबद, रेल्हा, लमेर बेलटुकरी, विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा अन्तर्गत रैली दिवार लेखन, रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से सर्वे के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा सर्वे में नाम जुड़वाने के लिये आवास प्लस सर्वे 2.0 एप के विषय में आम लोगों को जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत आयोजित विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा के चरणबद्ध कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है एवं सभी पात्र परिवारो को 30 अप्रैल 2025 के पूर्व अपना नाम सर्वे में शामिल कराने के लिये अवगत कराया जा रहा है।

मोर दुआर साय सरकार महाअभियान कार्यक्रम का दूसरा चरण - 20 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक कार्यक्रम का दूसरा चरण जारी है। जिसमें ग्राम नोडल अधिकारी एवं सर्वेक्षक द्वारा प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा आयोजित कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण करना है। सर्वेक्षक द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का संतृप्ता के आधार पर शत प्रतिशत सर्वेक्षण करना है एवं सर्वेक्षित परिवारों के विवरण का ग्राम सभा में पठन एवं वाचन किया जाना है। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में स्वसर्वे एवं सर्वेयर के माध्यम से पात्र परिवारों का सर्वेक्षण कार्य जारी है।

ग्राम चपौरा की सीमा बाई करपे, ग्राम कर्रा की लता, ग्राम सारधा निवासी संतोषी ने पक्के मकान का सपना साकार करने अपना नाम भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत आवास लाभ प्राप्त करने के लिये दर्ज कराया। आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 में सर्वेक्षक के द्वारा इनका सर्वे का कार्य किया गया। सर्व में नाम शामिल होने पर इनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं



### जनदर्शन में आज कुल 50 आवेदन हुए प्राप्त

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर ने जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना और प्राप्त सभी आवेदनों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज जनदर्शन में तहसील बलौदा के ग्राम बुड़गहन निवासी श्रीमती अनिता केंवट द्वारा आवास प्लस के तहत जियो टैग करने और श्रीमती सुनिता लहरे द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि दिलाने, तहसील अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनारा निवासी श्री दुर्गा सिंह द्वारा अवैध कब्जा हटवाने व ग्राम देवरी निवासी सूर्य प्रकाश धिरही द्वारा पुल निर्माण करनवाने, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम तनौद निवासी श्री मानसिंग महिपाल द्वारा आवास प्लस में नाम जोड़ने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री शशि कुमार चौधरी उपस्थित थे।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित शासन की समस्त योजनाओं का श्रमिकों को मिलें लाभ : डॉ. रामप्रताप सिंह

समवेत शिखर संवाददाता



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभागार में श्रम विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जशपुर जिले में संगठित निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित श्रमिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं समस्त योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे का कार्यो की जानकारी ली। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रमिकों एवं उनके परिवार के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए श्रमिक एवं उनके परिवार का हित सर्वोपरि है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा की श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित शासन की समस्त योजनाओं का लाभ उन्हें मिले। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा मौजूद रहे।

बैठक में अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिनमें जिला जशपुर में निर्माण श्रमिकों के कार्यस्थल में कार्यरत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन शिविर आयोजित कर पंजीयन कार्य शत प्रतिशत किया जाए। इसके साथ ही जशपुर जिले में पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्हें मंडल गठन से अब तक किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है ऐसे श्रमिकों को चिन्हांकित कर मण्डल में संचालित योजनाओं की जानकारी विकासखंडवार संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र के माध्यम से योजना आवेदन कराने की कार्यवाही करें। जशपुर जिले में पंजीयन के नवीनीकरण व संशोधन संबंधी लंबित आवेदनों को 07 दिवस के भीतर पंजीयन एवं नवकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जशपुर जिले में निर्माण श्रमिकों हेतु संचालित 30 योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में से लंबित आवेदन को 07 दिवस के भीतर जांच कर लाभान्वित राशि प्रदाय किये जाने हेतु डी0बी0टी0 में ऑनलाइन इंद्राज करना सुनिश्चित करें। जिले में शासकीय एवं अशासकीय निर्माण कार्यों पर 01 प्रतिशत उपकर की राशि अनिवार्य रूप से जमा कराने के संबंध में निर्देश प्रसारित कर उपकर संग्रहण संबंधित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं किसी भी निर्माण श्रमिकों के पंजीयन एवं योजनाओं में निशुल्क लाभ प्रदाय करने की कार्यवाही करने एवं किसी भी प्रकार का अनुचित लाभ नहीं लेने के निर्देश दिए। बैठक में श्रम निरीक्षक, श्रम उपनिरीक्षक, कल्याण अधिकारी, कल्याण निरीक्षक एवं श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# डॉ. गवेल की अध्यक्षता में अशासकीय शालाओं के प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों की हुई बैठक





### आरटीई, पाठ्यपुस्तक, परिवहन तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

समवेत शिखर संवाददाता

**खरसिया।** डॉ.हितेश गबेल-उपाध्यक्ष,जनपद पंचायत तथा अध्यक्ष,स्थायी शिक्षा समिति की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद पंचायत खरसिया के सभा कक्ष में विकास खंड-खरसिया के सभी अशासकीय शालाओं के प्रधान पाठक/प्राचार्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्थायी शिक्षा समिति के सदस्यगण जनपद पंचायत सदस्य भी उपस्थित रहे। बैठक में 9 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रथम आरटीई अंतर्गत पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए प्रप्त आवेदन में चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश सभी विद्यालय सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। वहीं निर्देशित किया गया कि शिक्षा के अधिकार के नियमों को पूर्ण रूप से क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। चर्चा का द्वितीय बिंदु रहा कि सभी अशासकीय विद्यालय ष्क्क्स्थ से संम्बद्ध हैं, वे ह्रष्टश्वक्रञ्ज की किताब एवं छत्तीसगढ़ संबंद्ध विद्यालय स्ष्टश्वक्रञ्ज की किताबें विद्यालय में संचालित करें। वहीं अतिरिक्त विषय संचालित करने वाले विद्यालयों को जिला शिक्षाधिकारी की

अनुशंसा अनिवार्य रूप से लेनी होगी। विद्यालय में कौन कौन सी पुस्तकें संचालित हो रही हैं एवं किन स्थानीय पुस्तक दुकान में पुस्तकें उपलब्ध हैं, इसकी जानकारी विद्यालय में प्रद?र्शित किया जाना अनिवार्य होगा। वहीं निर्देशित किया गया कि विद्यालय में पुस्तकों का विक्रय किसी भी स्थिति में ना किये जावे। बैठक का तीसरा महत्वपूर्ण विषय फीस विनियमन को लेकर रहा। विद्यालय में फीस वृद्धि हेतु शासन के नियमानुसार 8त्न बढ़ोत्तरी की जा सकती है, इसके लिए शासन की गाईडलाइन का पालन करते हुए, फीस विनियामक समिति से प्रस्ताव अनिवार्य रूप से पास कराना होगा। साथ ही विद्यालय में क्या अतिरिक्त सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, यह भी उल्लेख करना होगा। नहीं चौथा विषय शाला गणवेश को लेकर रहा। यह स्पष्ट किया गया कि विद्यालय में शाला गणवेश की विक्रय करना प्रतिबंधित है। शाला गणवेश स्थानीय बाजार में किन-किन दुकानों पर उपलब्ध है, इसकी जानकारी विद्यालय से प्राप्त हो। संबंधित दुकान की सूची और गणवेश के मूल्य की जानकारी विद्यालय में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए।

**स्कूल बसों के लिए फिटनेस चेकअप जरूरी**-बैठक में समस्त अशासकीय विद्यालयों के प्रधान पाठकों एवं प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में छात्रों के परिवहन हेतु प्रयोग में लाये जा रहे वाहन का पंजीयन, फिटनेस चेकअप आरटीओ से अनिवार्य रूप से कराएं। साथ ही ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस आधार कार्ड विद्यालय में सुरक्षित रखे जाए। ड्राइवर से इस आशय का शपथ पत्र भी लिया जावे की वह नशा आदि ना करता हो। यह विषय विद्यालयीन छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए सुनिश्चित करें। वहीं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत किसी भी छात्र को शारीरिक रूप से दंड ना दिया जाये। किसी भी शिक्षक के द्वारा किसी छात्र को शारीरिक दंड दिए जाने का कोई प्रावधान नही है। अतः ऐसी शिकायत किसी भी विद्यालय से नहीं आनी चाहिए। साथ ही सभी अशासकीय विद्यालयों में बालक एवं बालिका हेतु पृथक-पृथक शौचालय अनिवार्य रूप से निर्मित हों तथा दैनिक रूप से शौचायलयों की सफाई हो। फिनाईल का डेली प्रयोग सुनिश्चित करें। वहीं सभी विद्यालयों में पेलजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो। पेयजल साफ स्वच्छ हो। यदि संभव हो तो अशासकीय विद्यालयों में आरओ वाटर की व्यवस्था करें। अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शासन के मापदण्ड के अनुरूप टीईटी, डीएलएड, बीएड की डिग्री अवश्य रखते हों। शासन के द्वारा शिक्षकों के लिए निर्धारित मापदंडों की पूर्ति करने वाले शिक्षकों को ही अशासकीय विद्यालय में विद्यालय शिक्षक नियुक्त करें। बैठक में शिक्षा समिति के सदस्य जनपद सदस्य- आरती लक्ष्मी पटेल, बालेश्वरी राठिया एवं अर्चना सिदार सम्मिलित हुए। शिक्षा विभाग से विकास खण्ड शिक्षाधिकारी शैलेश कुमार देवांगन एवं बीआरसी प्रदीप कुमार साहू उपस्थित रहे।

# डभरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

### आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत आरोपी गिरफ्तार निरीक्षक के नेतृत्व में टीम ने मारा छापा

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** डभरा थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर लगाम लगाने हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक कमल किशोर महतो के नेतृत्व में की गई सख्त निगरानी और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

दिनांक 20 अप्रैल 2025 को डभरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सुखापाली में एक व्यक्ति भारी मात्रा में बिक्री हेतु हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब रखे हुए है। प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए त्वरित रेड कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहां आरोपी खुशराम कुर्रे, पिता मानसाय कुर्रे (उम्र 37 वर्ष), निवासी सुखापाली, थाना डभरा, को मौके से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 124/2025 के तहत धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी डभरा निरीक्षक कमल किशोर महतो के कुशल नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मिथुन सुल्तान, आरक्षक हरिहर सिंह, लक्ष्मीकांत उरांव, एकेश्वर चंद्रा, महिला आरक्षक मालती बघेल की अहम भूमिका रही। डभरा पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आमजन में पुलिस की कार्रवाई को लेकर सराहना की जा रही है।